दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 316

ग्वालियर, शुक्रवार 05 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## फडणवीस के बाद अब कैबिनेट का विस्तार में भी चौंका सकती हैं भाजपा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सीएम के तौर पर एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को शपथ लिए 1 माह से ज्यादा समय हो चुका है। लेकिन अभी तक कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ है। कहा जा रहा था कि मंत्री पदों को लेकर भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। अब खबर है कि 7 अगस्त तक कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक फिलहाल 15 से 16 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। इसके बाद कुछ और मंत्री परिषद का हिस्सा हो सकते हैं। कहा यह भी जा रहा है कि जिस तरह से भाजपा ने फडणवीस को डिप्टी सीएम बनाकर चौंकाया था, उसी तरह इस बार मंत्रियों के नाम पर भी चौंका सकती है।

भाजपा कोटे से 8 से 9 मंत्री बनने की संभावना है।इसमें 2 नाम चौंकाने वाले हैं, वे निर्दलीय विधायक रवि राणा और नारायण राणे के बेटे नीतेश राणे के हैं। रवि राणा अमरावती की सांसद नवनीत राणा के पति हैं और उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने के ऐलान पर विवादों में घिर गए थे। यही नहीं पत्नी

नवनीत राणा के साथ उन्हें जेल तक जाना पड़ा था और करीब दो सप्ताह बाद बाहर आए थे। ऐसे में भाजपा की ओर से उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से साफ है कि वह उद्धव ठाकरे को दर्द देने वाले नेताओं को प्रमुखता दे रही है। यही नहीं एक दौर में शिवसेना को बड़ी टूट के साथ छोड़ने वाले नारायण राणे के बेटे नीतेश राणे को भी मंत्री बनाने की चर्चाएं जोरों पर हैं। इनदिनों 15 से 16 विधायकों के पद की शपथ लेने की संभावना है। इसतरह के संकेत हैं कि भाजपा के नौ और शिंदे समूह के सात लोग मंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। खास बात यह है कि राजभवन में इसकी तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, दादा भूसे, उदय सामंत जैसे नेताओं के नाम चर्चा में हैं। एक तरफ महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है, तब दूसरी तरफ कैबिनेट विस्तार की तैयारियां भी जोरों पर हैं। फिलहाल जिन नामों की चर्चा चल रही है, उनमें चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, महाजन, विखे, दारेकर के नाम पहले से ही हैं। इन लोगों को देवेंद्र फडणवीस के भी करीबियों में ही गिना जाता है। लेकिन दो नाम रवि राणा और नीतेश राणे सरप्राइज माने जा रहे हैं। खास बात यह है कैबिनेट गठन को लेकर खास ख्याल रखा गया है कि जहां शिवसेना कमजोर है।

## खास खबर

### पूर्व मंत्री आजम खान की तबीयत बिगड़ी, डॉक्टरों ने 48 घंटे बहुत चिंताजनक बताए

**लखनऊ।** सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की तबीयत गुरुवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें तत्काल लखनऊ के मेदांता में भर्ती कराया गया है। सांस लेने में तकलीफ को देखकर उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। बताया जाता है कि डॉक्टरों ने अगले 48 घंटे उनके लिए बेहद क्रिटिकल बताए हैं। आजम को पोस्ट कोविड सिम्टम हैं। उन्हें निमोनिया का असर बताया जा रहा है। निमोनिया फेफड़ों तक पहुंच गया है। इसी के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही है। आजम को सीतापुर जेल में रहने के दौरान कोरोना की दूसरी लहर में संक्रमण ने अपने शिकंजे में लिया था। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उनकी हालत ठीक हुई थी। कोरोना का असर भी तब फेफड़ों पर ही पड़ा था। इस बार उन्हें निमोनिया ने तेजी से जकड़ा है। डॉक्टरों के अनुसार अगले 48 घंटे बेहद चिंताजनक हैं। पांच डॉक्टरों की टीम आजम की देखरेख में लगी है।

### इंजेक्शन और पाउडर से बाईसेप्स बनाने वाले बॉडीबिल्डर की मौत

**ब्राजील।** ब्राजील के बॉडी बिल्डर वलीदार सेगातो, कामिक्स के पात्र हल्क की तरह भीमकाय शरीर बनाने के लिए इंजेक्शन और पाउडर लेकर बॉडी बना रहा था। बाइसेप्स बनाने की चाहत में वह रोजाना इंजेक्शन, पाउडर और खतरनाक किस्म के तेल का उपयोग करता था। जिसके कारण उसकी बॉडी में 23 इंच तक के बाइसेप्स बन गए थे। 49 वर्ष की उम्र में डॉक्टरों ने उसे खतरनाक सप्लीमेंट लेने से मना किया था। लेकिन उसने डाक्टरों की सलाह नहीं मानी। ब्राजील मीडिया के अनुसार सेगातो के लाखों फॉलोअर्स थे। 55 वर्ष की उम्र में सांस लेने की तकलीफ और तबीयत खराब होने पर उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसके अंतिम समय पर परिवार के सदस्यों और मित्रों के अलावा और कोई नहीं था।

### कनाडा में बेसबाल के आकार की ओलावृष्टि, गाड़ियों के शीशे टूटे

**अल्बर्टा।** कनाडा में पिछले दिनों भारी ओलावृष्टि से 10 से 15 मिनट तक तूफान के साथ आए बवंडर के बीच बड़े-बड़े अंगूर और बेसबाल के आकार के ओले गिरे, जिससे लोग दहशत में आ गए। इस दौरान दर्जनों गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हो गए। ओलावृष्टि के दौरान कई यात्री जहां थे, वहीं रास्ते में फंसे रह गए। लोग इतने बड़े-बड़े ओले देखकर दंग रह गए। लोगों ने इसकी तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर साझा की है। मौसम विज्ञानियों ने इस घटना को लेकर चिंता जाहिर की है। जानकारी के मुताबिक कनाडा के एक पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा में आए एक बवंडर के बाद ऐसी ओलावृष्टि हुई, जिसने लोगों को हैरान कर दिया। रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा कि तूफान करीब 10 से 15 मिनट तक चला और करीब 34 वाहनों को नुकसान पहुंचा। कई लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। उन्होंने बताया कि बवंडर आया और अचानक बेसबाल के आकार के ओले गिरने लगे। इतने बड़े-बड़े ओलों को देखकर लोग घबरा गए और कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। दरअसल, लोग इतने बड़े आकार के ओलों को देखकर दहशत में आ गए। लोगों समझ ही नहीं पाए कि आखिर ये हो क्या रहा है। कुछ लोगों को लगा कि कोई बड़े-बड़े पत्थर मार रहा है।

### अमेरिका में सड़क दुर्घटना में सांसद और दो कर्मचारियों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना राज्य में एक सड़क दुर्घटना में रिपब्लिकन पार्टी की नेता एवं सांसद जैकी वालोरस्की और उनके दो कर्मचारियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पार्टी की नेता जैकी वालोरस्की अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में इंडियाना राज्य का प्रतिनिधित्व करती थीं। एल्खर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि यह दुर्घटना बुधवार को हुई, जब एक कार राज्य राजमार्ग पर अपनी लेन को पार कर गई और वालोरस्की की एसयूवी से टकरा गई। अधिकारियों के मुताबिक एसयूवी में वालोरस्की (58) के अलावा उनके दो कर्मचारी भी मौजूद थे।

### मेक्सिको में एक पत्रकार स?हित चार लोगों की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में बीयर की एक दुकान में एक पत्रकार समेत चार लोगों की हत्या कर दी गई है। इस साल देश में किसी मीडियाकर्मी की मौत का यह 13वां मामला है। सैन लुइस डे ला पाज के मेयर लुइस सांचेज ने कहा कि समाचार वेबसाइट टु वोज या योर वॉइस के निदेशक एर्नेस्टो मेंदेज समेत चार लोगों पर हमला किया गया। इस हमले में पांचवां व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सांचेज ने बताया कि अभी यह मालूम नहीं है कि क्या इस हमले का संबंध मेंदेज के पत्रकारिता संबंधी काम से है।

## मुफ्तखोरी की संस्कृति पर चर्चा क्यों न सांसदों की पेंशन अन्य सुविधाएं खत्म करने से शुरू हो: वरुण

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा के सांसद वरुण गांधी ने बुधवार को कहा कि आम जनता को मिलने वाले मुफ्त की सुविधाओं पर सवाल उठाने से पहले क्यों न चर्चा की शुरुआत सांसदों को मिलने वाली पेंशन और अन्य सभी सुविधाओं को खत्म करने से हो भाजपा नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी द्वारा

''मुफ्तखोरी की संस्कृति'' समाप्त किए जाने के बारे में राज्यसभा में चर्चा की मांग किए जाने संबंधी नोटिस का उल्लेख करते हुए वरुण ने एक ट्वीट में कहा कि जनता को मिलने वाली राहत पर ऊंगली उठाने से पहले ''हमें अपने गिरेबां'' में जरूर झांक लेना चाहिए उन्होंने कहा, ''क्यों न चर्चा की शुरुआत सांसदों को मिलने वाली पेंशन समेत अन्य सभी सुविधाएं खत्म करने से हो एक ट्वीट में वरुण गांधी ने पिछले पांच सालों में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पीएमयूवाई के लाभार्थियों द्वारा सिलेंडर दोबारा न भरवाने का मुद्दा उठाया और कहा कि पिछले पांच सालों में 4.13 करोड़ लोग सिलेंडर को दुबारा भरवाने का खर्च एक बार भी नहीं उठा सके, जबकि 7.67 करोड़ ने इसे केवल एक बार भरवाया उन्होंने कहा, ''घरेलू गैस की बढ़ती कीमतें और नगण्य सब्सिडी के साथ गरीबों के 'उज्जवला के चूल्हे' बुझ रहे हैं स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन देने के वादे क्या ऐसे पूरे होंगे?'' पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने एक अगस्त को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया था कि पिछले पांच सालों में पीएमयूवाई के 4.13 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया जबकि 7.67 करोड़ लाभार्थियों ने एक ही बार सिलेंडर भरवाया बता दें कि हाल ही में जब सरकार ने अग्निपथ योजना का ऐलान किया था तब भी वरुण गांधी ने अग्निवीरों के समर्थन में अपनी पेंशन को छोड़ने का ऐलान किया था उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि अगर कम समय की सेवा करने वाले राष्ट्ररक्षकों को पेंशन का अधिकार नहीं है, तो मैं भी पेंशन छोड़ने के लिए तैयार हूं।

## मुफ्त वादे-सौगातें सभी दल करते पर सुनता कोई नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं को सुनाई खरी-खरी

**नई दिल्ली।** चुनावों में मतदाताओं को रिझाने और लुभाने के लिए सियासी पार्टियां के मुफ्त वादों-सौगातों की झड़ी लगा देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों के इस रवैये पर जमकर खरी-खरी सुना दी है। देश के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कोई भी दल इस पर रोक लगाना नहीं चाहती है क्योंकि सभी ऐसा करना चाहती है। अदालत ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर लपेटा। पीठ ने कहा कि पिछले कई सालों से कोई भी इस पर इच्छाशक्ति नहीं दिखा रहा है। शीर्ष अदालत ने 2013 में अपने फैसले में कहा था कि मुफ्त वाले वादों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर असर पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है। सरकार यह कहकर नहीं बच सकती है कि वह कुछ नहीं कर सकती है।

चीफ जस्टिस रमना, जस्टिस कृष्णा मुरारी, जस्टिस हेमा कोहली की पीठ ने कहा कि हम केवल इसे चुनावों के संदर्भ में नहीं देख रहे हैं बल्कि इसका देश की आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव को भी देख रहे हैं। इस

सलाह पर कि संसद इस मुद्दे पर चर्चा कर ले, कोर्ट ने कहा, %क्या आपको लगता है संसद इस पर चर्चा भी करेगी? कौन राजनीतिक दल मुफ्त वाले वादों पर चर्चा करना चाहती है? कोई भी दल इस पर ऐसा नहीं करना चाहती है। सभी दल चाहते हैं कि मुफ्त के उपहार वाले वादों पर रोक लगे।%

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुझाव देने को कहा था। सिब्बल इस मामले में किसी भी पक्षकार के वकील नहीं हैं। सिब्बल ने जब कहा कि मामले में संसद में चर्चा होनी चाहिए। तब चीफ जस्टिस ने कहा, %क्या आप समझते हैं कि संसद में इस पर बहस होगी? कौन इस मामले में चर्चा करेगा? कोई राजनीतिक पार्टी मुफ्त उपहार मामले का विरोध नहीं करेगा, क्योंकि सभी पार्टी मुफ्त उपहार बांटना चाहती हैं।% मामले में वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी कि मुफ्त उपहार में पैसा पब्लिक का इस्तेमाल हो रहा है। पैसा कहां से आएगा, इस बारे में जवाबदेही तय होना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकलुभावन मुफ्त उपहार बांटने का वादा या बांटा जाना वोटरों को प्रभावित करता है। अगर इसे रेग्युलेट नहीं किया गया तो इससे देश की आर्थिक स्थिति बदतर हो सकती है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि चुनाव आयोग ने तो हाथ खड़े कर दिए हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस मामले में दोबारा चुनाव आयोग को विचार के लिए कहा जा सकता है। तब चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गाइडलाइंस बनाने को कहा था।

चीफ जस्टिस एन।वी। रमण की अगुआई वाली बेंच ने संकेत दिया कि वह मन बना रही है कि इस मामले में एक्सपर्ट बॉडी बने। इसमें नीति आयोग, वित्त आयोग, लॉ कमीशन, आरबीआई, सत्ताधारी पार्टी के सदस्य और विरोधी दल के सदस्य शामिल हों। यह कमिटी मुफ्त उपहार के मामले में सुझाव पेश करे। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने अर्जी दाखिल कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को प्रतिवादी बनाया है।

## नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा से गुस्साया चीन, ताइवान बॉर्डर पर जमकर मिसाइलें दागी

**बीजिंग।** अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा से चीन काफी गुस्से में है। चीनी सैनिकों ने ताइवान बॉर्डर पर जमकर मिसाइलें दागी हैं। सैन्य अभ्यास के दौरान ताइवान के आसपास पानी में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ताइपे के रक्षा मंत्रालय ने इस क्षेत्रीय शांति को कमजोर करने वाली तर्कहीन कार्रवाई करार दिया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार की दोपहर लगभग 13ः56 बजे पूर्वोत्तर और दक्षिण-पश्चिमी ताइवान के आसपास के क्षेत्रों में डोंगफेंग श्रृंखला की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी है।÷ चीनी ईस्टर्न थिएटर कमांड ने कहा कि उसने नियोजित अभ्यास के तहत गुरुवार को ताइवान के पूर्वी तट के पानी पर पारंपरिक मिसाइलों की कई फायरिंग पूरी कर ली है। ईस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता ने कहा कि गोलीबारी पूरी होने के बाद संबंधित समुद्री और हवाई क्षेत्र पर नियंत्रण हटा लिया गया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कंबोडिया में आसियान कार्यक्रमों के इतर चीन के विदेश मंत्री वांग यी और उनके जापानी समकक्ष के बीच एक बैठक रद्द कर दी गई है। एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि ताइवान के बारे में सात देशों के समूह द्वारा दिए गए संयुक्त बयान से चीनी पक्ष बहुत नाराज है।

## इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस और बीएसएफ को भेजा आतंकी अर्लट, 15 अगस्त को लेकर

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त को लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को आतंकी हमले का अलर्ट भेजा है। आईबी ने दिल्ली पुलिस और अन्य को 10 पन्नों की रिपोर्ट भेजी है, जिसमें कहा गया है कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित कुछ आतंकी संगठन देश में किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। बात दें कि देश इस साल आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है। इस लेकर आईबी ने दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियों को 15 अगस्त के मौके पर सुरक्षा चाक चौबंद करने को कहा है। 10 पन्नों के अपने अलर्ट में आईबी ने बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देकर कोई बड़ी वारदात करने की फिराक में है। इसके लिए दिल्ली

पुलिस को लाल किले के सभी प्रवेश द्वारा पर सुरक्षा कड़ी करने की हिदायत दी गई है। सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ को भी बॉर्डर इलाके में चौकन्ना रहने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, आईबी ने अपनी रिपोर्ट में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर हमले का भी जिक्र कर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट में उदयपुर और अमरावती की घटनाओं का जिक्र कर कहा गया है कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर रेडिकल समूहों पर कड़ी नजर रखी जाए। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि आतंकी कई बड़े नेता और संस्थानों को भी निशाना बनाया जा सकता हैं।

### योगी के तर्ज पर बिस्वा सरकार ने असम में अवैध मदरसों पर चलाया बुलडोजर

**गुवाहाटी।** असम की हिमंत बिस्वा सरकार ने योगी मॉडल की तर्ज पर आतंकवादी रोधी गतिविधियों में शामिल लोगों, माफियाओं के खिलाफ बुल्डोजर की कार्रवाई तेज कर दी। बता दें कि बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से संबंध रखने वाले मुफ्ती मुस्तफा के द्वारा चलाए जाने वाले मदरसे को बुलडोजर के द्वारा गिरा दिया गया। असम के मोरीगांव जिले की एसपी अपर्णा एन. का कहना है कि मुस्तफा उर्फ मुफ्ती मुस्तफा, जिसे हाल ही में बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम और एक्यूआईएस से संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया।

## हिमाचल रोडवेज की बस दुर्घटनाग्रस्त 13 यात्री घायल, 3 गंभीर

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में शासकीय रोजवेज बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। धर्मपुर से चंडीगढ़ जा रही बस की अचानक टिप्पर के साथ जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें 13 लोग घायल हुए हैं। इस घटना में बस यात्रियों में चीख पुकार मच गई। दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को हमीरपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धर्मपुर डिपो की यह बस लदरौर से घुमारवीं आते समय नसवाल के समीप दूसरी तरफ से आ रहे टिप्पर के साथ जा टकराई, जिसमें बस में सवार छह महिलाओं सहित 13 यात्री घायल हुए हैं। वहीं घायलों में से बस चालक सहित तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस के जरिये घायलों को नागरिक अस्पताल घुमारवीं में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां से गम्भीर रूप से घायल बस चालक व एक यात्री को हमीरपुर अस्पताल रेफर किया गया। एक बस यात्री की हालत ज्यादा गंभीर हो गई। उस यात्री को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है।

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, मैं पीएम मोदी से नहीं डरता हूं

### भाजपा का आरोप, कांग्रेस डर क्यों रही

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र के दौरान कुछ दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद परिसर में बेहद गुस्से में दिखी थीं। गुरुवार को राहुल गांधी भी कुछ उसी तेवर में दिखाई दिए। संसद के गलियारे में राहुल ने सवालों का जवाब भी ठीक वैसे ही दिया जैसे कुछ दिन पहले सोनिया गांधी ने दिया था। सालों बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी इतने सख्त और तमतमाए दिखाई दिए। तल्ख तेवर के साथ राहुल ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला किया। कर्नाटक दौरा बीच में छोड़कर दिल्ली पहुंचे राहुल गुरुवार को संसद भवन में पहुंचे। संसद के गलियारे में तेज कदमों

से चल रहे राहुल का रौद्र रूप दिख रहा था। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से मैं बिल्कुल नहीं डरता। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को नहीं दबाया जा सकता है। उन्होंने पीएम मोदी से लेकर अमित शाह पर हमला किया। मुंह पर मास्क लगाए गुस्से में दिख रहे राहुल गांधी से पूछा गया कि कांग्रेस के 5 अगस्त को महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक सामानों पर जीएसटी बढ़ाने के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर प्रशासन की सख्ती बरत रहा है। राहुल ने कहा, बढ़िया और करिए, सच्चाई को बैरिकेड नहीं किया जा सकता है।

गौरतलब है कि पुलिस ने कांग्रेस के प्रदर्शन से पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के आवास के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। राहुल से पूछा गया कि कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल के पास प्रदर्शन नहीं करने को लेकर नोटिस दिया है, इसपर राहुल ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देखते हैं क्या करना है। परमिशन नहीं दे रही है पुलिस ठीक है, रोकिए। इस बीच भाजपा के आरोपों का जवाब देकर उन्होंने कहा कि भागने की कौन बात कर रहा है। भागने की बात वहां कर रहे हैं। हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं। कर लें जो करना है, कुछ फर्क नहीं पड़ता है। जो मेरा काम है, देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, सद्भाव को बनाकर रखना, मैं इन तमाम कामों को करता रहूंगा। चाहे ये लोग कुछ भी कर लें। दरअसल भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा था कि कांग्रेस डर क्यों रही है। कांग्रेस पहले सत्याग्रह की बात कर रही थी और अब सत्याग्रह की जगह रण की बात कर रही है। उन्होंने कहा था कि न रण होगा और न ही %रन % होगा। देश का संविधान और कानून सभी के लिए बराबर है। उन्होंने कहा था कि देश के कानून के साथ युद्ध संभव नहीं है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### तूलिका ने जूडो में रजत के साथ ही बनाया रिकार्ड

**लास एंजिल्स** । भारत की तूलिका मान ने राष्ट्रमण्डल खेलों की जूडो स्पर्धा में रजत पदक जीतकर रिकार्ड बनाया है। तूलिका को 78 किलो वर्ग के खिताबी मुकाबले में स्कॉटलैंड की साराह एडलिंग्टन के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। साराह पिछले राष्ट्रमण्डल खेलों की विजेता रही हैं। तूलिका ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत करते हुए पहला अंक हासिल किया था पर इसके बाद उस पर 2 पेनल्टी लग गई इससे वह दबाव में आ गयी। इससे पहले, तूलिका ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की सिडनी एंड्रयूज को हराया था। हार के बाद तूलिका काफी निराश दिखीं। यह राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत का जूडो में दूसरा रजत और कुल तीसरा पदक है। इससे पहले सुशीला देवी ने साल 2014 में रजत जबकि विजय यादव ने उसी साल कांस्य पदक जीता था। यह पहला अवसर है जब भारत ने राष्ट्रमण्डल खेलों में तीन पदक जीते हैं।

### रोहित का अगले मैचों में खेलना संदिग्ध

**सेंट किट्स** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का वेस्टइंडीज के खिलाफ बचे हुए मैचों में खेलना संदिग्ध है हालांकि रोहित को उम्मीद है कि मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान उनकी पीठ में आया खिंचाव शीघ्र ठीक हो जाएगा। रोहित की पीठ में यह यह खिंचाव तीसरे एकदिवसीय मैच में बल्लेबाजी के दौरान आया। इस कारण रोहित को मैदान से बाहर जाना पड़ा। भारतीय टीम को अगले दो मैच फ्लोरिडा में 6 और 7 अगस्त को खेलने हैं। रोहित इस मैच में जब 11 रन बनाकर खेल रहे थे। तभी उन्होंने मेजबान टीम के गेंदबाज अलजारी जोसेफ को एक छक्का और एक चौका लगाने के बाद एक रन लिया था। इसके बाद अचानक ही उनकी कमर में दर्द शुरु हो गया। ऐसे में भारतीय टीम के फिजियो कमलेश ने मैदान पर जाकर उन्हें देखा पर राहत नहीं मिलने के कारण वह रोहित को मैदान से बाहर ले गये। रोहित ने मैच के बाद कहा कि अभी वह ठीक हैं पर आगे क्या होगा कहा नहीं जा सकता। वहीं बीसीसीआई ने कहा, रोहित की कमर में खिंचाव है। इसी कारण वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में है।

### सितंबर में पाक का दौरा करेगी इंग्लैंड

**इस्लामाबाद** । इंग्लैंड टीम सितंबर में 17 साल बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाक टीम अगले महीने कराची और लाहौर में सात टी20 मैच खेलेगी। कराची में चार टी20 मैच 20 से 25 सितंबर के बीच खेले जायेंगे जबकि तीन टी20 मुकाबले लाहौर में 28 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच होंगे। इंग्लैंड टीम ने अंतिम बार साल 2005 में पाक का दौरा किया था जबकि पाक ने दो बार 2012 और 2016 में इंग्लैंड की मेजबानी यूएई में की। पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम को पाक आना था पर कोरोना महामारी के कारण जैव सुरक्षा घेरे (बायो बबल) की थकान और सुरक्षा चिंताओं के कारण तब उसने यह दौरा रद्द कर दिया था।

# राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय बैडमिंटन व वेटलिफ्टिंग टीम को मिला रजत

**बर्मिंघम** । भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम को राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक मिला है। भारतीय टीम को फाइनल में मलेशिया के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं थी और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोऱी को पहले ही मैच में टेंग फोंग और वूई सोह ने 18-21, 15-21 से हरा दिया। इस दौरान पहले गेम में भारतीय जोऱी 18-15 से आगे चल रही थी पर इसके बाद मलेशियाई जोऱी ने लगातार छह अंक हासिल कर मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर भारतीय टीम को सीधे गेमों में हरा दिया। वहीं महिला एकल मैच में पी वी सिंधु ने मलेशिया की गोह जिन वेई को 22-20, 21-17 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। वेई ने पहले गेम की शुरुआत में पिछऱने के बाद सिंधु को कऱी टक्कर दी पर अंत में भारतीय खिलाड़ी के सामने उसकी एक नहीं चली और मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। पुरुष एकल मैच में किदांबी श्रीकांत की हार से भारत फिर 1-2 से पीछे हो गया। श्रीकांत और एनजी ट्ज़ो योंग के बीच कड़ा मुकाबला हुआ पर तीन गेमों के बाद किदांबी को 21-19, 6-21, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को कूंग ली फॉर्मन और मुरलीधरन थिनाह से सीधे गेमों में 21-18, 21-17 से मिली हार के साथ ही मुकाबला भारत के हाथों से निकल गया और मलेशियाई टीम को 3-1 से जीत के साथ ही स्वर्ण पदक मिला।

## वेटलिफ्टर गुरदीप ने जीता कांस्य

**बर्मिंघम** । राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय वेटलिफ्टर गुरदीप सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया है। इसी के साथ ही भारतीय वेटलिफ्टरों ने दसवां पदक अपने नाम किया है। गुरदीप ने 109 किलों से ज्यादा के वर्ग में यह कांस्य पदक जीता है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रकार यहां जारी इन खेलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते हैं। इन खेलों में गुरदीप ने स्नैच में 167 और क्लीन एंड जर्क में 223 किलो वजन उठाने के साथ ही कुल 390 किलो वजन उठाया। वहीं पाकिस्तान के मोहम्मद नूह बट ने 405 किलो वजन उठाकर एक नया विश्व रिकार्ड बनाने के साथ ही स्वर्ण पदक जीता है। वहीं रजत पदक न्यूजीलैंड के डेविड एंड्रयू को मिला। एंड्रयू ने 394 किलो वजन उठाया। भारत के गुरदीप अपने पहले ही प्रयास में 167 किग्रा वजन उठाने में विफल रहे पर दूसरे प्रयास में वह वजन उठाने में कामयाब रहे। तीसरे प्रयास में उन्होंने 173 किलो वजन उठाने का प्रयास किया पर उसमें नाकाम रहे। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 207 किलो के साथ शुरुआत की पर 215 किलो का दूसरा प्रयास असफल रहा। उन्होंने तीसरे प्रयास में 223 किलो वजन उठाया।

# एशिया कप और टी20 विश्वकप में होगा भारत-पाक क्रिकेट टीमों में मुकाबला

**मुम्बई** । भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच कुछ समय के अंदर ही प्रशंसकों को दो मुकाबले देखने को मिलेंगे। सबसे पहले इसी माह 27 अगस्त से शुरु हो रहे एशिया कप में ये दोनो टीमें दुबई में आमने-सामने होंगी। इसके बाद दोनो ही टीमें वे सुपर 4 चरण में एक-दूसरे के खिलाफ खेल सकती हैं और एशिया कप के फाइनल में भी खेल सकती हैं। एशिया कप के बाद भारत-पाक 23 अक्टूबर को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के लिए मेलबर्न क्रिकेट मैदान में आमने-सामने होंगे।

एशिया कप 2022 दुबई और शारजाह में 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच खेला जाएगा। भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान के साथ है और तीसरी टीम क्वॉलिफायर होगी। वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें हैं। भारत और पाक 28 अगस्त को दुबई में ए ग्रुप के मुकाबले में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि सुपर 4 चरण में दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ होंगे।

### एशिया कप का कार्यक्रम इस प्रकार है

27 अगस्त : श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान, दुबई
28 अगस्त : भारत बनाम पाकिस्तान, दुबई
30 अगस्त : बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान, शारजाह
31 अगस्त : भारत बनाम क्वॉलिफायर, दुबई
1 सितंबर : श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, दुबई
2 सितंबर : पाकिस्तान बनाम क्वॉलिफायर, शारजाह
3 सितंबर : बी1 बनाम बी2, शारजाह
4 सितंबर : ए1 बनाम ए2, दुबई
6 सितंबर : ए1 बनाम बी1, दुबई
7 सितंबर : ए2 बनाम बी2, दुबई
8 सितंबर : ए1 बनाम बी2, दुबई
9 सितंबर : बी1 बनाम ए2, दुबई
11 सितंबर : फाइनल, दुबई

वही टी20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर 2022 से शुरु होगा। इसका फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। टी20 विश्वकप 2022 में भारत के मुकाबले: भारत बनाम पाकिस्तान, 23 अक्टूबर (मेलबर्न) भारत बनाम ग्रुप ए रनर-अप, 27 अक्टूबर (सिडनी)। भारत बनम साउथ अफ्रीका, 30 अक्टूबर (पर्थ)। भारत बनाम बांग्लादेश, 2 नवंबर (एडिलेड)। भारत बनाम ग्रुप बी विनर, 6 नवंबर (मेलबर्न)।

# निकहत , नितू और हुसामुद्दीन जीते , लवलीना हारी

**बर्मिंघम** । भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन, नीतू गंघास और हुसामुद्दीन मोहम्मद राष्ट्रमण्डल खेलों में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। वहीं भारत की ही ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को हार का सामना करना पड़ा है। निकहत ने महिलाओं के 50 किलो वर्ग में वेल्स की हेलन जोंस को अंकों के आधार पर 5-0 से हराया। तीनों राउंड में निकहत अपनी विरोधी मुक्केबाज पर हावी रही। वहीं एक अन्य मुकाबले में नीतू ने 48 किलो वर्ग के क्वार्टरफाइनल के तीसरे और अंतिम राउंड में नॉर्थ आयरलैंड की निकोल क्लाइड के रिटायर होने के कारण अंतिम चार में स्थान बनाया। इसके बाद 57 किलोवर्ग पुरुष वर्ग में हुसामुद्दीन ने नामीबिया के ट्रायागेन मार्निंग नदेवेलो पर 4-1 से जीत हासिल कर अंतिम-4 में जगह बनायी। पिछले चरण के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन को अपने मुकाबले के विभाजित फैसले में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। एक अन्य मुकाबले में महिलाओं के 70 किलोवर्ग में लवलीना को पहले दो दौर में वेल्स की रोसी एसेल्स से बंटे हुए फैसल में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। नीतू ने क्लाइड पर शुरुआती 2 राउंड में दबदबा बनाया जिसके बाद मुकाबला रोक दिया गया। नीतू अनुभवी मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के वजन वर्ग में खेल रही हैं। मैरीकॉम चयन ट्रायल्स के दौरान घायल हुई थीं।

इंडोनेशिया में वियतनाम के नगो जुआन पुरुषों की हाई जंप स्पर्धा में भाग लेते हुए।

## टेस्ट और एकदिवसीय मेरे लिए सबसे पहले : मैकग्रा

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने कहा है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट उनके लिए सबसे ऊपर है। मैकग्रा ने कहा कि टेस्ट की तरह ही एकदिवसीय क्रिकेट की लोकप्रियता भी कम हो रही है जिससे बनाये रखना क्रिकेट अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मैकग्रा के अनुसार क्रिकेटर की असली परीक्षा टेस्ट क्रिकेट में ही होती है। मैकग्रा ने कहा, %मैं परंपरा में विश्वास रखने वाला व्यक्ति हूं और मुझे टेस्ट क्रिकेट और एकदिवसीय क्रिकेट से प्यार रहा है। टेस्ट क्रिकेट मेरे लिए सबसे अहम है।

# एशिया कप में पाक की कप्तानी संभालेंगे बाबर

**लाहौर** । पाकिस्तान की टीम इसी माह यूएई मे होने वाले एशिया कप क्रिकेट मुकाबले में बाबर आजम की कप्तानी में उतरेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप के लिए टीम घोषित कर दी है। पीसीबी ने 15 सदस्यीय टीम के नाम घोषित कर दिये हैं। 27 अगस्त से 11 सितंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में किया जाना है। नीदरलैंड्स के साथ आइसीसी विश्व कप सुपर लीग और एशिया कप के लिए पाकिस्तान ने अपने टीम में तेज गेंदबाज नसीम शाह को हसन अली की जगह शामिल किया है। नसीम को नीदरलैंड्स के खिलाफ 16 से 21 अगस्त के बीच खेले जाने वाले एकदिवसीय और एशिया कप टी20 दोनों के लिए टीम में शामिल किया गया है। सलमान अली जिन्होंने 2021 में एकदिवसीय सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था उनकी भी टीम में वापसी हुई है। शाहीन अफरीदी को एकदिवसीय और टी20 दोनों ही टीम में शामिल किया गया है।

पाक ने एकदिवसीय और एशिया कप टी20 टीम में अब्दुल्ला शफीद, इमाम उल हक, मोहम्मद हारिस, सलमान अली, जाहीद महबूब की जगह आसिफ अली, हैदर अली, इफ्तिखार अहमद और उस्मान कादिर को एशिया कप टीम में मौका दिया गया है।

एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम

बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप कप्तान), आसिफ अली, फखर जमां, हैदर अली, हारिस राउफ, इफ्तखार अहमद, खुर्शीद शाह, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर

नीदरलैंड्स के खिलाफ एकदिवसीय टीम

बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमां, हारिस राउफ, इमाम उल हक, खुर्शीद शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सलमान अली, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, जाहिद महमूद।

## व्यापारन्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 36 पैसे टूटा

**मुंबई** । अमेरिका और चीन के बीच तनाव तथा निराशाजनक व्यापक आर्थिक आकंड़ों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और इसके चलते गुरुवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे टूटकर 79.51 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर आ गया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.21 के भाव पर खुला लेकिन जल्द ही यह 79.51 के स्तर पर खिसक गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपया शुरुआती कारोबार में ही 36 पैसे टूट गया। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 62 पैसे गिरकर 79.15 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था जो चालू वित्त वर्ष में एक दिन के कारोबार में सबसे बड़ी गिरावट थी। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत गिरकर 106.41 पर आ गया।

### उबर ने जोमैटो में अपनी 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

मुंबई (ईएमएस)। ऑनलाइन कैब सेवा कंपनी उबर ने जोमेटो में अपनी 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची दी है। खुले बाजार में किए गए इस सौदे में उबर ने खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले प्लेटफॉर्म जोमैटो में 61.2 करो शेयरों को 3,088 करो रुपए में बेचा है। जौमैटो के शेयरों की गिरावट पिछले काफी समय से चर्चा का विषय बनी हुई है। फिलहाल पिछले तीन चार सत्र से इसमें तेजी देखने को मिल रही है। बुधवार को जौमैटो के शेयर एनएसई पर 55.45 रुपए के भाव पर बंद हुए। इसके पहले इस फूड डिलीवरी कंपनी के शेयर ऑल टाइम लो 40 रुपए पर पहुंच गए थे। अपने हाई से इसमें लगभग 75 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में जोमैटो का मुनाफा घटकर 185.7 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का घाटा 356.2 करोड़ रुपए था। वहीं मार्च 2022 तिमाही में जोमैटो को 359.7 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

### आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने मल्टीपाई का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली** । निवेश मंच आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने कहा कि उसने निवेशक समुदाय के लिए एक वेब और ऐप आधारित नेटवर्किंग मंच मल्टीपाई का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने बताया कि मल्टीपाई के जरिये उपयोगकर्ता शेयरों और अन्य प्रतिभूतियों के बारे में अपने विचार साझा कर सकते हैं। आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने बयान में कहा कि इस सौदे में मल्टीपाई ऐप, प्रौद्योगिकी, ब्रांड, डोमेन नाम, उपयोगकर्ता आधार और अन्य संबंधित चीजों का अधिग्रहण शामिल है।

# सरकार ने गन्ने का एफआरपी बढ़ाकर 305 रुपए प्रति क्विंटल किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली आर्थिक मामलों की केंद्रीय कैबिनेट (सीसीईए) ने गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 15 रुपए बढ़ाकर 305 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। दरअसल एफआरपी वह कीमत होती है जिसके नीचे किसानों को भुगतान नहीं किया जा सकता है। यह मूल्य चीनी सत्र 2022-23 अक्टूबर-सितंबर के लिए लागू होगा। उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि एफआरपी में 10.25 फीसदी से अधिक की वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसीद की वृद्धि के लिए 3.05 रुपए प्रति क्विंटल का प्रीमियम भी दिया जाएगा, जबकि वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसदी की कमी आने पर एफआरपी 3.05 रुपए घटा दी जाएगी। चीनी मिलों के मामले में वसूली दर 9.5 फीसदी से कम रहने पर कोई कटौती नहीं की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि एफआरपी में बढ़ोतरी के साथ गन्ना किसानों की आमदनी बढ़कर लगभग दोगुनी हो जाएगी। चीनी सत्र 2022-23 में गन्ना उत्पादन पर प्रति क्विंटल 162 रुपए का खर्चा आने का अनुमान है, जबकि किसानों को प्रति क्विंटल 305 रुपए दिए जाएंगे, जो उनकी उत्पादन लागत से 88 फीसदी ज्यादा है। मौजूदा चीनी सत्र में गन्ने की कीमत 290 रुपए प्रति क्विंटल है। मोदी सरकार ने पिछले आठ साल में गन्ने का गारंटी मूल्य 34 फीसदी बढ़ा दिया है। आने वाले चीनी सत्र में मिलों की ओर से करीब 3,600 लाख टन गन्ने की खरीद होने की संभावना है। ऐसे में अनुमान है कि अगले सत्र में किसानों को करीब 1.20 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा सरकार ने कहा है कि गन्ने का मूल्य बढ़ाने के साथ हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसानों को उनका भुगतान समय पर दिया जाए। गन्ने का मूल्य बढ़ाए जाने से सीधे तौर पर देश के 5 करोड़ किसानों को लाभ होगा। साथ ही चीनी मिलों में काम करने वाले 5 लाख कामगारों को भी इसका फायदा पहुंचेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि एथनॉल के उत्पादन में तेजी के साथ ही गन्ने की खरीद भी बढ़ रही है और इसका लाभ भी सीधे तौर पर किसानों को मिल रहा है।

### बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरुआत

# सेंसेक्स 334 अंक बढ़कर 58,684 और निफ्टी 17,479 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले सकारत्मक संकेतों की वजह से गुरुवार के कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ खुले। सेंसेक्स 334.22 अंक के उछाल के साथ 58,684.75 अंक के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी पर 91.60 अंक की बढ़त के साथ 17,479.80 अंक के लेवल पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी पर हिंडाल्को, इंफोसिस, श्री सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडसंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिल रहा था। दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, ब्रिटेनिया, एसबीआई लाइफ इंश्यूरेंस, ओएनजीसी और डिविज लैब्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी जा रही थी। इंफोसिस के स्टॉक में सबसे ज्यादा 1.75 फीसदी का उछाल देखने को मिल रहा था। वहीं विप्रो के शेयरों में 1.05 फीसदी की तेजी देखने को मिल रही थी। इनके अलावा इंडसंड

बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनजर्व, टेक महिंद्रा, टीसीएस, नेस्ले इंडिया और डॉक्टर रेड्डीज के शेयरों में हरे निशान के साथ कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पर एनटीपीसी और एसबीआई के शेयरों में ही लाल निशान के साथ कारोबार हो रहा था।

### अमेरिकी और यूरोपीय बाजार में तेजी रही

**मुंबई** । अमेरिका में कंपनियों के शानदार तिमाही प्रदर्शन और महंगाई में नरमी की उम्मीद को देखते हुए निवेशक ताबड़तोड़ पैसे लगा रहे हैं। यही कारण है कि अमेरिका के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में पिछले सत्र में बड़ी तेजी दिखी। अमेरिका के बड़े शेयर बाजार में शामिल नेस्डेक पर 2.59 फीसदी का बड़ा उछाल दिखा है। वहीं अमेरिका की तर्ज पर यूरोप के भी सभी प्रमुख शेयर बाजारों में पिछले सत्र में बड़ी तेजी दिखी है। यूरोप के बड़े शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर पिछले सत्र में 1.03 फीसदी का उछाल दिखा तो फ्रांस का शेयर बाजार 0.97 फीसदी की बढ़त बनाकर बंद हुआ। लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले सत्र में 0.49 फीसदी की बढ़त दिखी है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने भी गुरुवार सुबह पेट्रोल-डीजल के खुदरा रेट जारी कर दिए और दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव 2 डॉलर से ज्यादा नीचे आया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी गिरकर 91.24 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर ।

# आग लगने की घटनाओं के बाद भी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली** । भारत में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का असर वाहनों की बिक्री पर देखने को मिल रहा है। परंपरागत ईंधन का विकल्प इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में सामने आने के बाद पिछले कुछ दिनों में देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मांग में जबर्दस्त बढ़ोत्तरी हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में ईवी की बिक्री के ये आंकड़े सीईडब्ल्यू-सेंटर फॉर एनर्जी फाइनेंस (सीईईडब्ल्यू-सीईएफ) मार्केट हैंडबुक के जारी नए संस्करण में सामने आए हैं, जो चौंकाने वाले हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री के मामले में, मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ईवी की बिक्री, पिछले वित्त वर्ष में कुल बिके ईवी के लगभग आधे हिस्से तक पहुंच गई। दोपहिया और तिपहिया (ई-रिक्शा सहित) वाहनों की कुल बिक्री में,

बैटरीचालित दोपहिया वाहनों का हिस्सा 3.7 फीसदी और तिपहिया वाहनों का हिस्सा 54.9 प्रतिशत रहा। इस तिमाही में ईवी की सुरक्षा के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईवी बैटरी के प्रदर्शन मानकों को जारी किया है। इसके अलावा, नीति आयोग ने अग्रिम लागत घटाने और कम जगह में ईवी चार्जिंग के लिए बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी का मसौदा जारी किया। इन उपायों से ग्राहकों को सभी श्रेणी में ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। रिपोर्ट बताती हैं कि आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बावजूद, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पिछले वर्ष की सामान तिमाही की तुलना में 636 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख यूनिट से थोड़ा ऊपर पहुंच गई। ईवी की बिक्री में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस तिमाही में बिक्री होने वाले कुल नए वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 4.35 प्रतिश हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में एक प्रतिशत से भी कम थी।

# अमेजन ने सामान डिलिवरी के लिए भारतीय रेलवे से किया समझौता

**नई दिल्ली** । ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने 110 से अधिक इंटरसिटी मार्ग पर ग्राहकों तक अपने सामान की डिलिवरी के लिए भारतीय रेलवे से करार किया है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को एक से दो दिन के भीतर उनके सामान की डिलिवरी सुनिश्चित करने के लिए उसने यह समझौता किया है। अमेजन ने कहा कि कंपनी 2019 में भारतीय रेलवे के साथ काम करना शुरू किया। कंपनी के लिए देश के भीतरी इलाकों में ग्राहकों को एक से दो दिन में डिलिवरी के वादे को पूरा करने में यह एक प्रमुख कारण है। अब वह रेलवे के साथ 110 से अधिक इंटरसिटी मार्ग पर काम कर रही है। बयान के अनुसार अमेजन इंडिया अब भारतीय रेलवे के साथ झारसुगुडा, रत्नागिरी, कुरनूल, नांदेड़, बरेली, बोकारो और रुद्रपुर जैसे शहरों और कस्बों में ग्राहकों को उनके सामान की डिलिवरी कर रही है। अमेज़ॅन के बयान में कहा गया है कि 2020 में महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन के दौरान कंपनी ने कारोना पार्सल स्पेशल ट्रेनों के साथ मिलकर काम किया। उच्च प्राथमिकता वाले प्रोडक्ट की डिलीवरी के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम किया। अब इस काम को और बढ़ाया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को अमेज़ॅन में हम अपने ग्राहकों को तेज़, विश्वसनीय और सुरक्षित खरीदारी अनुभव देने पर फोकस कर रहे हैं। चाहें हमारे ग्राहक देश भर में कहीं भी रहते हों। भारतीय रेलवे के साथ काम करने से हमें नागरकोइल, कटरा, पोरबंदर, झांसी, और ग्वालियर जैसे शहरों में ग्राहकों को तेजी से प्रोडक्ट डिलीवर कर सकेंगे।

# अध्ययन से अलग होकर खुद को पूरा समय दे रही हुं:मायरा मिश्रा

बॉलीवुड और टीवी की दुनिया एक ऐसी दुनिया है जहां पर अक्सर सेलेब्स के ब्रेकअप और पैचअप की खबरें सामने आती रहती हैं। ये कहा जा सकता है कि यहां ब्रेकअप और पैचअप की खबरें एक सामान्य बातें हैं। हालांकि ब्रेकअप और पैचअप की खबरें कलाकारों के चाहने वालों को दुखी कर जाती है। हाल ही में टीवी और बॉलीवुड के कई कलाकारों का ब्रेकअप हुआ है। इसी लिस्ट में बॉलीवुड अभिनेता शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन का नाम शामिल हो गया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन पिछले काफी समय से टीवी की अभिनेत्री मायरा मिश्रा को डेट कर रहे थे। मायरा मिश्रा को आप ने पिछले साल टीवी शो गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में देख चुके हैं। इस शो से मायरा मिश्रा ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरी थी। वो आज हर घर में मशहूर है। उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी ज्यादा प्यार दिया था। लेकिन अब मायरा मिश्रा को लेकर जो खबर सामने आ रही है उसको सुनने के बाद जरूर उनके चाहने वालों को झटका लगेगा। मायरा मिश्रा अध्ययन सुमन को डेट कर रही थी लेकिन उनका ब्रेकअप हो चुका है। इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री मायरा मिश्रा ने हाल ही में एक खास बातचीत में खुलासा किया है। मायरा मिश्रा ने कहा कि वो अध्ययन सुमन से अलग हो चुकी है और वो इस रिश्ते से मुवआन करके खुद को पूरा समय दे रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि हां नवंबर में उनका ब्रेकअप हुआ है। अध्यन अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रेकअप की स्टोरी लगाता रहता है। लेकिन मैं क्लियर कर दूं कि वह सब मेरे लिए नहीं होती है बल्कि वो उसके नए गाने के लिए होती हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अध्ययन सुमन बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शेखर सुमन के बेटे हैं।

## रेड आउटफिट में दिखा प्रियंका चोपड़ा का बेहद ग्लैमरस अंदाज

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी एक्टिंग के साथ-साथ फैशन को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। देश से लेकर विदेशों तक पीसी के स्टाइल को फॉलो किया जाता है। इसी बीच प्रियंका ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से तहलका मचा दिया है। तस्वीरों में पीसी बॉडीफिट आउटफिट में नजर आ रही हैं। प्रियंका ने ये फोटोशूट पति निक जोनस के म्यूजिक एल्बम स्पेसमैन के प्रमोशन के लिए करवाया है। तस्वीरों में पीसी स्किनफिट आउटफिट में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। प्रियंका ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप, रेड लिपस्टिक और ओपन हेयर्स से कंप्लीट किया है। इस दौरान पीसी ने ड्रेस के साथ मैचिंग हाई हील्स गम बूट्स पेयर किए। कुछ तस्वीरों में देसी गर्ल आधी रात को सुनसान सड़क पर पोज देती दिख रही हैं। वहीं कुछ तस्वीरों में वह घर में ही दिख रही हैं। हर तस्वीर में देसी गर्ल का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

## अमृता राव ने शेयर की अपने बेटे वीर की पहली तस्वीर, सोशल मीडिया पर वायरल

विवाह फेम अभिनेत्री अमृता राव और उनके पति रेडियो जॉकी अनमोल सूद पिछले साल नवम्बर में पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। माता -पिता बनने के लगभग चार महीने बाद अब अमृता राव और उनके पति अनमोल सूद ने दुनिया को अपने बेटे का दीदार कराया हैं। आरजे अनमोल ने गुरुवार को अपने बेटे की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की है। अमृता और आरजे अनमोल के बेटे की यह पहली तस्वीर हैं, जिसमें उनके बेटे का चेहरा नजर आ रहा हैं। इस तस्वीर में अमृता , आरजे अनमोल और उनके बेटे वीर तीनों एक ही फ्रेम में हंसते हुए नजर आ रहे हैं।

# सिद्धार्थ के साथ रिश्ते पर किआरा आडवाणी ने तोड़ी चुप्पी

हाल ही में सालों में बॉलीवुड में ऐसे कई कलाकारों की एंट्री हुई है जिन्होंने अपने अभिनय और किरदार से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। इस लिस्ट में सबसे पहले नाम अभिनेत्री किआरा आडवाणी का नाम आता है। किआरा आडवाणी ने बॉलीवुड में आज अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ किआरा आडवाणी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में बनी रहती है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किआरा आडवाणी इन दिनों बॉलीवुड के अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट कर रही है। ऐसा खबरों में कहा जा रहा है। हालांकि किआरा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा को एक साथ कई मौकों पर स्पॉट भी किया गया है। ये दोनों एक साथ वेकेशन मनाने और डिनर डेट पर भी अक्सर नजर आते है। यही कारण है कि इन दोनों के अफेयर को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जाते है। इस पर अब खुद अभिनेत्री किआरा आडवाणी की प्रतिक्रिया सामने आ चुकी है। किआरा आडवाणी ने हाल ही में एक खास बातचीत में अपने और सिद्धार्थ मल्होत्रा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। किआरा आडवाणी से जब सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट करने का सवाल पूछा गया तो वो चुप रही। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि वो आखिरी बार कब डेट पर गई थी तो उन्होंने इसके जवाब में कहा कि, वो आखिरी बार जब डेट पर गई थी तो वो इसी साल थी। इस साल के दो महीने पहले ही वो डेट पर गई हैं। साथ ही अभिनेत्री ने कहा कि आप लोग मैथ कर चुके होंगे या आइडिया लगा चुके होंगे मैं किसकी बात कर रही हूं। गौरतलब है कि अभिनेत्री किआरा आडवाणी इस साल की शुरूआत में अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ डेट पर गई थी। इस दौरान दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट भी किया गया था। अगर हम बात करें किआरा आडवणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की तो ये दोनों जल्द ही एक साथ फिल्म शेरशाह में नजर आने वाले है।

# ओटीटी पर रिलीज हुई 90 प्रतिशत फिल्में बेकार थीं :जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में बने हुए है। उनकी फिल्म सत्यमेव जयते 2 रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को सलमान खान की मेगाबजट फिल्म राधे से टक्कर मिलने वाली है। सत्यमेव जयते 2 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है। फिल्म को थिएटर में दिखाने का मन बना लिया गया है।

पहले खबर आ रही थी कि जॉन की इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। जैसे दूसरे बड़े सेलेब्स ने कोरोना काल में अपनी फिल्म को ओटीटी पर रिलीज कर समझौता किया था, कहा गया कि जॉन भी ये रास्ता अपना सकते हैं। अब मेकर्स जरूर इसकी कोशिश कर रहे थे, लेकिन जॉन इसके पक्ष में नहीं थे। वे अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को थिएटर रिलीज दिलवाना चाहते थे। एक्टर मानते हैं कि ओटीटी पर फिल्म रिलीज करने से कलाकार का कम कॉन्फिडेंस झलकता है। इस बारे में एक न्यूज पोर्टल को बताया गया है- हमे सच ही बोलना चाहिए। आप खुद सोचिए, जब कोई कॉन्फिडेंट नहीं होता, तभी वो ओटीटी का रुख करेगा। 90 प्रतिशत फिल्में जो ओटीटी पर रिलीज हुई, वो बेकार थीं। हम नहीं कहते कि हमारी फिल्म बहुत शानदार होगी। लेकिन मैं कम से कम महामारी को असफलता का बहाना तो नहीं बनाउंगा।

## अर्जुन कपूरजल्द शुरू करेंगे एक विलेन 2 की शूटिंग

बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जहा अगर एक थीम पर फिल्म हिट हो जाती है तो हर कोई उस थीम पर फिल्म बनाना शुरू कर देता है। लेकिन अब लोग बॉलीवुड के इस फॉर्मूले से परेशान नज़र आ रहे है। यही वजह है की बॉलीवुड फिल्मो को लेकर लोगो का पागलपन अब खत्म सा होने लगा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की सुपरहिट फिल्म एक विलेन के पार्ट 2 को लेकर काफी चर्चा हो रही है। हाल ही में इस फिल्म की कास्ट को लेकर घोषणा हुई थी। इस फिल्म में अर्जुन कपूर , जॉन अब्राहम, दिशापटानी, तारा सुतरिया मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले है। वही सभी की हैरानी इस चीज़ को देखकर है की लगातार फ्लॉप फिल्मो के बाद भी अर्जुन कपूर को बड़े प्रोजेक्टस के लिए अप्रोच किया जा रहा है। वही इस फिल्म की शूटिंग की बात की जाए तो 1 मार्च से जॉन और दिशा ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। वही अब अर्जुन भी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले है। खबरों की माने तो अर्जुन इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल की शुरुआत में करने वाले है। अर्जुन ने शूटिंग शुरू करने को लेकर खुलासा किया। हाल ही में अर्जुन कपूर की फिल्म भूत पुलिस की शूटिंग खत्म की है और जल्द ही इस फिल्म को रिलीज किया जाएगा।

# थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर है अमिताभ और इमरान की फिल्म चेहरे का ट्रेलर



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी पिछले काफी समय से अपनी फिल्म चेहरे को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। उनकी फिल्म के अब तक कई पोस्टर और टीजर रिलीज किया जा चुका है। जिसकी वजह से दर्शकों का फिल्म के लिए उत्साह लगातार बना हुआ है। अब मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। कुछ समय पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। अगर हम बात करें फिल्म के ट्रेलर की तो इसकी शुरुआत होती है अमिताभ बच्चन की वॉइस ओवर के साथ। जिसमे वो कहते है कि, अगर किसी ने कोई अपराध किया है तो वो बहुत संभलकर यहां से गुजरिएगा क्योंकि ये खेल आपके साथ भी खेला जा सकता है। इसके बाद एक कार का एक्सीडेंट हो जाता है जो बर्फीले रास्ते से होकर गुजरती है। कार का एक्सीडेंट हो जाता है। हिल स्टेशन पर एक पुराना कॉटेज दिखाई देता है। जिसमें अमिताभ बच्चन इमरान हाशमी की मुलाकात होती है। इसके अलावा यहां पर और भी बाकी लोग होते है जिनकी मंडली लगती है। फिल्म में अमिताभ बच्चन एक क्रिमिनल लॉयर के रूप में नजर आते हैं जो खुद अपना परिचय देते हैं। वहीं इमरान हाशमी ऐड एजेंसी के चीफ होते है। फिल्म में अमिताभ बच्चन और इमरान हामशी के अलावा रघुबीर यादव, अन्नू कपूर, सिद्धात कपूर और क्रिस्टल डिसूजा नजर आने वाले है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही चर्चा में आ गया है जिसको दर्शक भी काफी ज्यादा पसंद कर रहे है। फिल्म के ट्रेलर से एक बात और साबित हो गई है कि इसमें रिया चक्रवर्ती का भी अहम रोल है। फिल्म में उनका एक अहम रोल भी नजर आने वाला हैं लेकिन उनके सीन को फिल्म के ट्रेलर में कम शामिल किया गया है। फिल्म की कहानी एक स्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। फिल्म इसी साल 9 अप्रैल को सिनेमा हॉल में रिलीज होने

# सेल्फी खींचने का शौक आपको डाल सकता है बड़े खतरे में!

अगर आपके घर में भी किसी को ज़रूरत से ज्यादा सेल्फी लेने का शौक है तो आपको सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है। अब आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि आपका सेल्फी खींचने का शौक आपको बड़े खतरे में डाल सकता है.....

■ डॉक्टर्स के मुताबिक, सेल्फी का असर स्किन पर इतना ज्यादा पड़ता है कि जिस साइड से आप अक्सर सेल्फी खींचती है, उस साइड की स्किन दूसरी साइड की स्किन से ज्यादा ड्राई हो जाती है। हाल ही में आए एक सर्वे के मुताबिक, मोबाइल फोन से पड़ने वाली लाइट और रेडिएशन स्किन को धूप की किरणों से 3 गुना ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

■ सेल्फी लेने की यह आदत अगर लत में बदल जाए, तो आप सेल्फाइटिस बीमारी की चपेट में आ सकती हैं। इस बीमारी से पीड़ित महिला के दिमाग में हमेशा यह भूत सवार रहता है कि किस जगह सेल्फी लें और कितनी जल्दी उसे सोशल मीडिया पर डालें। धीरे-धीरे यह बीमारी इतनी बढ़ जाती है कि यह लत बन जाती है।

■ <डॉक्टर्स के मुताबिक, लगातार अपनी फोटो लेते रहने की लत 'सेल्फी एल्बो' की वजह बन सकती है। यह एक नई तरह की बीमारी है, जिसमें कुहनी का दर्द सताने लगता है।

■ स्किन स्पेशलिस्ट के मुताबिक, चेहरे पर लगातार स्मार्टफोन की लाइट और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से स्किन बूढ़ी होने लगती है जिससे जल्दी रिंकल्स पड़ने लगते हैं। मोबाइल फोन की तरंगें सीधे डीएनए को नुकसान पहुंचाती है, जिससे स्किन की नैचरल रिपेयर क्षमता दिन प्रतिदिन कम होती जाती है। जिससे आपकी स्किन पर कोई पिंपल्स या दाग धब्बे हो जाएं।

## क्या आप भी दांत साफ करने से पहले टूथब्रश पानी से भिगोते हैं?

टूथब्रश हमारे डेली रूटीन का सबसे अहम हिस्सा है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ढंग से इसकी सफाई न की जाए तो टूथब्रश घर की तीसरी सबसे गंदी जगह बन जाता है। गंदे टूथब्रश से डायरिया या स्किन इंफेक्शन तक हो सकता है। ऐसे में दांतों को सेहतमंद रखने में अहम भूमिका निभाने वाले टूथब्रश को भी सेहतमंद रखना जरूरी है। ज्यादातर लोग दांत साफ करने से पहले टूथब्रश पानी से भिगो देते हैं। जब हम ब्रश करने से पहले टूथब्रश को गीला करते हैं तो टूथब्रश के तार पतले हो जाते हैं। इससे दांतों को ब्रश करने की उनकी क्षमता कम हो जाती है।

## अलकायदा को झटका

अमेरिका ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अलकायदा सरगना अल जवाहिरी को एक ड्रोन स्ट्राइक में मार गिराया है। अल-जवाहिरी को मार गिराने के लिए बैठकों का लंबा दौर चला। एक जुलाई को ही सीआईए अधिकारियों के साथ बाइडन की बैठक में पूरा प्लान तैयार हुआ था। अमेरिका को शक था कि जवाहिरी या तो पाकिस्तान के कबायली इलाके या फिर अफगानिस्तान में छिपा हुआ है। पिछले कई सालों से अमेरिकी सरकार को एक ऐसे आतंकी नेटवर्क के बारे में जानकारी मिल रही थी, जिसका समर्थन अल-जवाहिरी कर रहा था। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसी को काबुल में अलकायदा की उपस्थिति के संकेत व सबूत मिल रहे थे। इसी साल अमेरिकी अधिकारियों को पता चला कि जवाहिरी की पत्नी व बच्चे काबुल स्थित एक घर में रहते हैं। इसी जगह पर जवाहिरी के होने की पहचान की गई। अगले कुछ महीनों में सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात को और पक्का किया कि पहचान किया जाने वाला शख्स अलकायदा चीफ अल-जवाहिरी ही है। इसके बाद अप्रैल से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को इस पूरे मामले की ब्रीफिंग शुरू कर दी गई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन राष्ट्रपति जो बाइडेन को भी जानकारी दी। सीआईए ने जवाहिरी के घर के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दी। घर कैसे बना है। वहां पर आने-जाने के कितने रास्ते हैं। इसकी विस्तृत जानकारी इकट्ठा की गई। जिससे मिशन को अंजाम देते वक्त जवाहिरी के परिवार व अन्य नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। 25 जुलाई को इस मिशन को अंजाम देने के लिए अंतिम बैठक हुई। इसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सटीक ड्रोन हमले(जिसमें नागरिकों को कम से कम नुकसान हो) की अनुमति दी। 31 जुलाई, रविवार को सीआईए को अल-जवाहिरी घर की बालकनी में दिखा। इसके बाद ड्रोन से हमला कर उसे मार गिराया गया। यह 11 नवंबर 2001 को हुए हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक और कदम है। अलकायदा एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन है। इसकी स्थापना आतंकवादी ओसामा बिन लादेन और अब्दुल्लाह आजम ने 1988 में की थी। बताया जाता है कि ये संगठन तब बनाया गया था, जब अफगानिस्तान में सोवियत संघ के सैनिक दाखिल हुए थे। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो), यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, भारत, रूस और कई देशों ने आतंकवादी समूह करार दिया है। अलकायदा एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन है। इसकी स्थापना आतंकवादी ओसामा बिन लादेन और अब्दुल्लाह आजम ने 1988 में की थी। बताया जाता है कि ये संगठन तब बनाया गया था, जब अफगानिस्तान में सोवियत संघ के सैनिक दाखिल हुए थे। इस संगठन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो), यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमरीका, यूनाइटेड किंगडम, भारत, रूस और कई देशों ने आतंकवादी समूह करार दिया है। अलकायदा के पास 20 हजार से अधिक लड़ाके हैं और यह संगठन 60-65 देशों में मौजूद है। अलकायदा की संपत्ति की बात करें तो अलकायदा के पास 150 मिलियन डॉलर यानी लगभग 1200 से 1500 करोड़ तक का फंड है। यह संगठन इसका इस्तेमाल दूसरे देशों में आतंक फैलाने और लड़ाकों को ट्रेनिंग करने पर करता है। अलकायदा को ओसामा-बिन-लादेन ने ही शुरू किया था। 10 मार्च 1957 को इसका जन्म सऊदी अरब के रियाद शहर में हुआ था। ओसामा के पिता मोहम्मद अवाद बिन लादेन एक अमीर बिल्डर थे। अवाद बिन लादेन के 52 बच्चे थे और ओसामा 17वें नंबर पर था। पिता की 1968 में मौत हो गई। तब ओसामा 11 साल का था और उसे विरासत में आठ करोड़ डॉलर की राशि मिली थी। उस दौरान वह स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। बाद में उसने सऊदी अरब के शाह अब्दुल्ला अजीज विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद अलकायदा प्रमुख की कुर्सी अयमान अल-जवाहिरी ने संभाल ली।

# किरोड़ी कि किच-किच से भाजपा की फजीहत

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भाजपा की फूट अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। हाल ही में जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के स्वागत कार्यक्रम में एंट्री को लेकर बीजेपी के दो वरिष्ठ नेता आपस में भिड़ गए। बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में एंट्री नहीं देने पर प्रतिपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौड़ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जवाब में राठौड़ ने भी किरोड़ी को लहजा सुधारने की नसीहत दी। काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बहस चलती रही। मामला बढ़ने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की आपसी तकरार पर चुटकी ली है।

असल में कार्यक्रम में केवल उन्हीं नेताओं को एंट्री दी जा रही थी जिनके पास बने हुए थे। किरोड़ीलाल आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत के लिए पहुंचे थे जिनके पास प्रवेश के पास नहीं थे। घटना से नाराज किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए थे। राजेंद्र राठौड़ व किरोड़ी लाल मीणा के मध्य हुई तकरार का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा की बहुत फजीहत हो रही है। इस घटना की गूंज भाजपा आलाकमान को दिल्ली तक सुनाई दी। चर्चा है कि भाजपा आलाकमान ने दोनों नेताओं से घटना की जानकारी मांगी है। उसी दिन किरोड़ी लाल मीणा के समर्थकों को जयपुर हवाई अड्डे पर भी प्रवेश नहीं देने से उन्होंने जमकर भाजपा नेताओं को खरी-खोटी सुनाई थी।

उक्त घटना तो एक बानगी मात्र है। राजस्थान के भाजपा नेता ऐसा कोई मौका नहीं चूकते हैं जहां एक दूसरे को निचा ना दिखाया जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार अपने विरोधी गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया पर हमला करती रहती है। भाजपा में स्थिति तो अब यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा राजे व सतीश पूनिया किसी कार्यक्रम में एक साथ शामिल होने से भी परहेज करने लगे हैं। जब से डॉ सतीश पूनिया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं तभी से वह वसुंधरा राजे गुट के निशाने पर हैं। वसुंधरा गुट का हमेशा प्रयास रहता है कि कैसे भी करके पूनिया समर्थकों को नीचा दिखाया जाए। वसुंधरा समर्थको द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को नहीं बुलाया जाता है। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा गुट के कार्यक्रम में पूनिया की फोटो भी नहीं लगाई जाती है।

वही प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वसुंधरा राजे की फोटो नहीं लगाई जाती है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर लगे होर्डिंग से वसुंधरा राजे की फोटो हटाने को लेकर भी वसुंधरा समर्थकों ने बड़ा हंगामा किया था। मगर पुनिया समर्थकों ने यह कहकर मामले को समाप्त कर दिया था कि प्रदेश मुख्यालय के होर्डिंग पर प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता की फोटो ही लगेगी। पिछले दिनों संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में भी प्रदेश संगठन की सिफारिश पर वसुंधरा राजे के धुर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी को राज्यसभा भेजकर वसुंधरा राजे को तगड़ा झटका दिया गया था। हालांकि चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक एक ही विधायक शोभारानी कुशवाह ने क्रॉस वोटिंग कर कांग्रेस को वोट दिया था। बाकी सभी वसुंधरा समर्थकों ने पार्टी आलाकमान के निर्देशों की पालना की थी।

चूंकि अगले वर्ष के आखिर में राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं। वसुंधरा राजे चाहती है कि पार्टी उनको नेता प्रोजेक्ट कर उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़े। जबकि पार्टी आलाकमान व प्रदेश संगठन किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ कर ही भाजपा फिर से सरकार बना सकती है। भाजपा आलाकमान का मानना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा

राजे के मुख्यमंत्री रहते उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में भाजपा बुरी तरह हार गई थी। भाजपा के विधायक 162 से घटकर 72 रह गए थे। ऐसे में वसुंधरा राजे का जादू अब चलने वाला नहीं है।

कुछ महीने पहले झालावाड़ जिले में संपन्न हुए जिला परिषद के चुनाव में भी क्रास वोटिंग के चलते भाजपा का जिला प्रमुख उम्मीदवार चुनाव हार गया था। झालावाड़ वसुंधरा राजे का निर्वाचन क्षेत्र रहा है तथा उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ से कई बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में झालावाड़ से भाजपा प्रत्याशी का चुनाव हारने का पूरा जिम्मेदार वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को माना गया था। जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हारने पर विरोध स्वरूप भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दुष्यंत सिंह के सांसद कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ भी की गई थी। जिसकी शिकायत वसुंधरा राजे ने दिल्ली आलाकमान तक की थी। उसके उपरांत भी किसी कार्यकर्ता पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। इससे भी वसुंधरा राजे खासी नाराज है।

हाल ही में भाजपा की एक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का माउंट आबू में आयोजन किया गया था। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधन दिया था। मगर माउंट आबू कार्यक्रम में वसुंधरा राजे की अनुपस्थिति प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। राजनीति के जानकारों का तो यहां तक कहना है कि उस कार्यक्रम में वसुंधरा राजे को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर अपनी झेंप मिटाने के लिए वसुंधरा राजे ने उसी दौरान दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। ताकि लोगों में एक अलग मैसेज दे सके।

राजस्थान भाजपा में काफी नेता वसुंधरा राजे खेमे से हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्य कर रहें हैं। अगले वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मौजूदा विधायकों में से वसुंधरा समर्थक कोई भी विधायक ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे आगे चलकर उनकी टिकट कटने का कारण बन सके। वसुंधरा समर्थक सभी विधायक आलाकमान की हां में हां ही मिलाएंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी लगातार राजस्थान के दौरे कर संगठन को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। हाल ही में एक सरकारी मीटिंग में शामिल होने जयपुर आए गृह मंत्री अमित शाह ने भी समय निकालकर भाजपा कार्यालय जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले तथा बंद कमरे में वरिष्ठ नेताओं से मीटिंग कर सभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। अमित शाह भी बार-बार यही संकेत दे रहे हैं कि अगले विधानसभा चुनाव में किसी एक को नेता प्रोजेक्ट नहीं कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनाव के बाद विधायकों के बहुमत की राय से नेता का चयन किया जाएगा। नेतृत्व जितना पार्टी को एकजुट करने का प्रयास कर रहा है। उसके उलट प्रदेश के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई का कोई मौका नहीं चूकते हैं। यदि पार्टी संगठन में यही स्थिति बनी रही तो कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर से सरकार बनाने का मौका नहीं चूकेंगे। भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को आगे नहीं लाना चाहता है। मगर प्रदेश के मतदाताओं पर आज भी वसुंधरा राजे का प्रभाव बरकरार है।

## सांख्य और कर्मयोग का संबंध

भौतिक जगत के विश्लेषणात्मक अध्ययन (सांख्य) का उद्देश्य आत्मा को प्राप्त करना है। भौतिक जगत की आत्मा विष्णु या परमात्मा है. भगवान की भक्ति का अर्थ परमात्मा की सेवा है। एक विधि से वृक्ष की जड़ खोजी जाती है और दूसरी विधि से उसको सींचा जाता है। सांख्य दर्शन का वास्तविक छात्र जगत के मूल अर्थात विष्णु को ढूंढता है, और फिर पूर्णज्ञान समेत अपने को भगवान की सेवा में लगा देता है। अतः मूलतः इन दोनों में कोई भेद नहीं है क्योंकि दोनों का उद्देश्य विष्णु की प्राप्ति है। जो लोग चरम उद्देश्य को नहीं जानते, वे ही कहते हैं कि सांख्य और कर्मयोग एक नहीं है। किंतु जो विद्वान है, वह जानता है कि इन दोनों भिन्न विधियों का उद्देश्य एक है। दार्शनिक शोध (सांख्य) का वास्तविक उद्देश्य जीवन के चरम लक्ष्य की खोज है। चूंकि जीवन का चरम लक्ष्य आत्म-साक्षात्कार है, अतः दोनों विधियों से प्राप्त होने वाले परिणामों में कोई अन्तर नहीं है। वस्तुतः जो पदार्थ से विरक्ति व कृष्ण में आसक्ति को एक तरह देखता है, वही वस्तुओं को यथारूप में देखता है। मायावादी संन्यासी सांख्य दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं तथा वैष्णव संन्यासी वेदान्त सूत्रों के यथार्थ भाष्य भागवत दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं। वैष्णव संन्यासियों को भौतिक कार्य से कोई सरोकार नहीं रहता, तो भी वे भगवान की भक्ति में नाना प्रकार के कार्य करते हैं। किन्तु मायावादी संन्यासी, जो सांख्य तथा वेदान्त के अध्ययन व चिन्तन में लगे रहते हैं, भगवान की दिव्य भक्ति का आनन्द नहीं उठा पाते। उनका अध्ययन अत्यन्त जटिल हो जाता है, अतः वे कभी-कभी ब्रह्म चिन्तन से ऊबकर समुचित बोध बिना ही भागवत की शरण ग्रहण करते हैं। मायावादी संन्यासी कभी-कभी आत्म-साक्षात्कार के पथ से नीचे गिर जाते हैं और फिर से समाजसेवा, परोपकार जैसे भौतिक कर्म में प्रवृत्त होते हैं।

## ईश्वर के पहरेदार बने बैठे ये स्वयंभू धर्म दूत

तनवीर जाफ़री

इज़राइल के चैनल 13 के एक यहूदी टीवी पत्रकार गिल तामरी ने पिछले दिनों सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में प्रवेश कर वहाँ का एक वीडियो बनाया और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। उसके बाद सऊदी अरब प्रशासन में खलबली मच गयी। सऊदी पुलिस ने इस मामले में पूरी तत्परता दिखाते हुये सऊदी अरब के ही निवासी एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया गया है। आरोप है कि इसी व्यक्ति ने चैनल 13 के इसराइली टीवी पत्रकार गिल तामरी को मक्का में प्रवेश कराने में सहायता की थी। हालांकि अपनी मक्का यात्रा के बाद पत्रकार तामरी ने यह कहते हुये माफ़ी मांगी है कि वे -%धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए मक्का और इस्लाम की सुंदरता दुनिया को दिखाना चाहते थे %। वीडियो में तामरी को स्वयं ये बोलते भी सुना जा सकता है कि %%सऊदी क़ानून के अनुसार ग़ैर-मुसलमानों का यहाँ आना वर्जित है। मेरे लिए भी यहां पहुंचना असंभव था। परन्तु मुझे यहां एक बहुत अच्छे व्यक्ति (गाईड ) मिले जिन्होंने अपनी जान ख़तरे में डालकर मुझे यहां ले जाने का फ़ैसला किया %%। इस पूरे प्रकरण में मक्का पुलिस का कहना है कि %मक्का में प्रवेश करने वाले इसराइली पत्रकार पर आगे क़ानूनी कार्रवाई की जा रही है। मक्का पुलिस प्रवक्ता ने एक बार फिर पुरज़ोर तरीक़े से यह कहा है कि सऊदी अरब आने वाले लोग यहाँ के नियम-क़ानूनों का पालन करें, ख़ासतौर पर दो पवित्र मस्जिदों और अन्य पवित्र जगहों के मामले में।अन्यथा क़ानूनों का उल्लंघन करने वालों को सऊदी क़ानून के अनुसार सज़ा दी जाएगी। ग़ौर तलब कि मक्का शहर के चारों ओर नगर की एक सीमा निर्धारित की गयी है और इन सीमाओं के प्रवेश द्वार पर बड़े अक्षरों से बोर्ड पर लिखा गया है कि -%ग़ैर मुस्लिमों का मक्का की सीमाओं में प्रवेश वर्जित,केवल मुस्लिम मक्का में दाख़िल हो सकते हैं।%

इस घटना के बाद एक बार फिर वही बहुचर्चित सवाल विश्व स्तर पर पूछा जाने लगा है कि आख़िर हज की रस्म अदा करने के लिये सऊदी अरब के पवित्र मक्का शहर में ग़ैर मुस्लिमों का प्रवेश क्यों वर्जित है। हज के तौर तरीक़ों और हज अदायगी को क़रीब से देखने की उत्सुकता रखने वाले दुनिया के तमाम लोग सऊदी सरकार के इस फ़ैसले से व्यथित हैं। केवल ग़ैर मुस्लिम ही नहीं बल्कि दुनिया के मुसलमानों का भी एक बड़ा वर्ग जो हमेशा से सऊदी सरकार के इस %ग़ैर मुस्लिम का मक्का प्रवेश निषेध % नीति का विरोधी रहा है वह भी पुनः मुखरित हो उठा है। ग़ौर तलब है कि हज स्थल मक्का (काबा शरीफ़ ) चूंकि सऊदी अरब में इत्तेफ़ाक़न इसलिये स्थित है क्योंकि इस्लाम धर्म की शुरुआत अरब से ही हुई और यही इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हज़रत मुहम्मद साहब की जन्म व कर्मस्थली भी रही है। परन्तु चूंकि इस्लाम विश्वस्तर पर फैल चुका है और पूरी दुनिया के लोग हज या उमरा करने मक्का आते जाते रहते हैं इसलिये दुनिया का मुसलमान इन पवित्र धार्मिक स्थलों पर अपना भी समान अधिकार समझता है। कई बार मुस्लिम जगत में यह चर्चा भी हो चुकी कि सऊदी अरब में हज उमरा आदि धार्मिक गतिविधियों के नियम क़ायदे यहाँ तक कि अलग अलग देशों का वीज़ा कोटा निर्धारण करने के लिये इस्लामी देशों की विश्वस्तरीय संयुक्त कमेटी बनायी जाये।परन्तु ठीक इसके विपरीत सऊदी सरकार इन स्थानों पर अपना आधिपत्य समझती है। और इस पवित्र क्षेत्र में अपनी ही सोच विचार के अनुसार नियम क़ानून निर्धारित व लागू करती है। ग़ैर मुस्लिमों के मक्का प्रवेश निषेध मामले पर वह यही कहकर पल्ला झाड़ती कि अन्य देशों की तरह किसी भी क्षेत्र या किसी भी व्यक्ति को वीज़ा देना या न देना उसका अपना अधिकार है इसके लिये कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। परन्तु मक्का के अतिरिक्त भी अनेक इस्लामी धर्मस्थल ऐसे हैं जहां पूरे वर्ष और चौबीस घंटे मक्का और मदीना से भी ज्यादा दर्शनार्थियों व पर्यटकों की भीड़ रहती है। उदाहरण के तौर पर करबला,नजफ़ सीरिया और इराक़ के अनेक रौज़े हर समय दर्शानार्थियों से भरे रहते हैं। भारत और पाकिस्तान की अनेकानेक विश्व स्तरीय मस्जिदें व दरगाहें हर समय आम लोगों के दर्शन व भ्रमण के लिये खुली रहती हैं। ऐसी जगहों पर सरकार या धर्मस्थान का प्रबंधन न किसी से किसी का धर्म पूछता है न जाति न नागरिकता।

# गडकरी की सीख क्या शीतल फुहार कर सकेगी?

भूपेन्द्र गुप्ता

इंदौर के एक समारोह में मध्य प्रदेश की विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा करते हुए देश के भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जो भाषण दिया वह अत्यंत प्रेरक था और उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को जो सीख दी वह तो और भी चौंकाने वाली थी ।उन्होंने कहा कि नेता वही है जो 25 साल आगे की सोचता है कल्पना करता है और योजना बनाता है। ब्यूरोक्रेसी के भरोसे काम करने वाले लोग नेता नहीं होते।नौकरशाही को उन्होंने पैच वर्क करने वाला बताया और कहा कि वह आज के आगे कुछ भी नहीं सोचती।

उनकी इस सीख में शायद उनकी राजनीति छोड़ने का वैराग्य भाव शामिल रहा हो ,किंतु जो प्रदेश येन केन प्रकारेण केवल चुनाव जीतने को ही अपना लक्ष्य मानता हो वहां ऐसी सीखें गुदगुदाती जरूर हैं। इसी संदर्भ को आगे बढाते हुये गडकरी ने ग्रीन हाइड्रोजन, एलएनजी इलेक्ट्रोलाइज़र के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की जो उन्हें जिज्ञासु के रूप में स्थापित करती हैं और सुनने में अत्यंत प्रिय हैं। किंतु दुर्भाग्य है कि गडकरी को छोड़कर उनकी पार्टी का हर नेता और कार्यकर्ता 25 साल आगे देखने वाले प्रत्येक नेता की कुटिल आलोचना में अपनी शान समझता है ।क्या भारतीय जनता पार्टी के उन लोगों को गडकरी के वक्तव्य से प्रेरणा नहीं लेनी चाहिए जो रात दिन 50 साल आगे देखने वाले जवाहरलाल नेहरू,लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी,और मनमोहन

सिंह को पानी पी पीकर कोसते हैं। गडकरी जिस इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रीन हाइड्रोजन की चर्चा आज 2022 में आधुनिक तकनीकी के नाम पर कर रहे हैं वह तकनीकी तो पंडित जवाहरलाल नेहरु ही ला चुके थे । जिन्होंने सदियों के पार देखकर भारत के भविष्य का रूपांकन किया। देश में लगभग 245 करोड़ रुपए से भाखड़ा नांगल बांध बनाया गया जिसकी कीमत आज की मुद्रा में लगभग 17 हजार करोड़ से अधिक होगी ।कौन जानता था कि इस बांध से देश की आगे की सदी चमकदार होने वाली थी यह बांध मूलतः तो अंग्रेजों की परिकल्पना थी किंतु अंग्रेज इसे नहीं बना सके क्योंकि उस समय उनके पास पैसों की कमी थी। किंतु जवाहरलाल नेहरू ने इस बांध को बनाया जबकि देश के पास इतने पैसे ही नहीं थे लेकिन उन्होंने अभावपूर्ण परिस्थितियों में भी इस बांध को बनाने का बीड़ा उठाया। कल्पना कीजिए कि जब यह बांध बनाया गया तब इससे 1325 मेगावाट बिजली पैदा होती थी। जबकि देश में बिजली की इतनी खपत ही नहीं थी तब सोचा गया कि इस बिजली का क्या किया जाएगा । तब नेहरू जी ने नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की कल्पना की ।जिसमें 155 मेगावाट बिजली खपाई जा सकती थी।इससे बनने वाली खाद को बनाने में अमोनिया की आवश्यकता पड़ती थी जब अमोनिया बनाते थे ,तो उसमें से हाइड्रोजन और आक्सीजन सेपरेट करने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर तकनीकी लाई गई जिससे लगभग 15 किलो लीटर हाइड्रोजन उस समय पैदा होती थी ।उस हाइड्रोजन को संचित किया जाता था । जब हाइड्रोजन की अधिक मात्रा मिलने लगी तो सोचा गया कि इसका क्या उपयोग करेंगे तब हमारे वैज्ञानिकों ने हैवी वाटर बनाने की परिकल्पना की ।तब नंगल की इस हाइड्रोजन से हैवी वाटर बनाया जाने लगा। सामान्यता पानी 100 डिग्री पर उबलने लगता है किंतु हैवी वाटर लगभग 600 डिग्री तक भी तापमान को सहन कर लेता है जिससे यह एटॉमिक पावर प्लांट को ठंडा करने में उपयोग आने लगा तकनीकी से तकनीकी कैसे बढ़ती है और दृष्टि संपन्न नेता कितनी दूर का सोचते हैं भाखड़ा उसकी जीवंत मिसाल है। कोई सोच भी नहीं सकता कि सिंचाई के लिए बनाया गया भाखड़ा नंगल बांध अंततः परमाणु बिजली घरों के लिए हैवी वाटर भी दे सकेगा । जब यह बांध बन रहा था तब विपक्ष के नेता भाषण देते थे कि पानी को मथकर नेहरू बिजली निकाल लेंगे तो पानी की ताकत चली जायेगी। तकनीकि और परंपरागत सोच का यह टकराव नया नहीं है यह सनातन है।इंदिरा गांधी जब चांद पर जाने की सोचती थीं तब यथास्थितिवादी कहते थे धरती तो संभाल लो।

## सूडोकु नवताल- 6153

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## ओछी राजनीति के बीच उलझती राष्ट्रपति पद की गरिमा!

डॉ. भरत मिश्र प्राची

देश का प्रथम नागरिक सर्वोपरि एवं सम्मानित पद राष्ट्रपति का होता है जिसकी गरिमा देश की अस्मिता से जुड़ी हुई है। जिसकी रक्षा करना एवं इस गरिमा को बनाये रखने का दायित्व हर भारतीय नागरिक का दायित्व एवं कर्तव्य है। इस पद को लेकर कभी वोट की गंदी राजनीति से जोड़े जाना चाहिए, इस दिशा में की गई प्रक्रिया भी अपमान एवं गंभीर अपराध की श्रेणी में मानी जा सकती है।

देश के इस सम्मानित राष्ट्रपति पद पर आज विराजमान महामहीम द्रौपदी मुर्मू सभी देशवासियों के लिये सम्मानीय है। संसद में आज यह सम्मानीय पद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के गलत बयान के बीच उलझकर गंदी राजनीति का शिकार होता जा रहा है जबकि अपनी इस गलती को स्वीकार करते हुये सांसद अधीर रंजन चौधरी बार - बार कह रहे है कि बंगाली होने के नाते गलती से राष्ट्रपति की जगह राष्ट्रपत्नी का एक बार उच्चारण हो गया, जिसके लिये खेद है। राष्ट्रपति हम सभी के लिये आदरणीय एवं सम्मानीय है। मेरे दिल में सदा इस पद पर विराजमान महामहीम के आदर रहेगा। अपनी इस गलती के लिये महामहीम राष्ट्रपति जी से माफी मांगने को तैयार हूं। अधीर रंजन चौधरी द्वारा अपनी गलती मान लेने के बाद इस प्रसंग को अधिक तूल नहीं दिया जाना चाहिए पर अधीर रंजन चौधरी द्वारा लिया गया एकबार का यह गलत बयान आज संसद की गलियारे की गंदी राजनीति का पूर्णतः शिकार हो गया है जहां सत्ता पक्ष की ओर से गलत शब्द की आवाज बार - बार गूंज रही है। जब कि अधीर रंजन चौधरी ने तो गलती से केवल एक बार राष्ट्रपति की जगह राष्ट्रपत्नी कहा, सत्ता पक्ष इस गलत शब्द का उच्चारण बार - बार जोरदार आवाज में कर रहा है। इस तरह की प्रक्रिया सम्मानित पद के लिये किया जाना कभी उचित नहीं माना जा सकता। जब अपनी इस गलती के लिये अधीर रंजन चौधरी ने सर्वाजनिक तौर पर अपनी गलती मान ली है तो केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं भाजपा सांसदों द्वारा संसद में बार - बार इस गलत शब्द का प्रयोग करते हुये सोनिया गांधी का नाम लेकर कांग्रेस द्वारा इस गलती के लिये देश से माफी मांगने की वकालत करना एवं इस शब्द पर आदिवासी , महिला के अपमान किये जाने की बात करना ओछी राजनीति है जिससे इस पद की गरिमा और धूमिल होती जा रही है।

# दलदल बनी जौरा रोड पर आम जनता ने किया जल सत्याग्रह

### सत्याग्रह के दौरान लगा जाम, स्कूली बच्चे हुए परेशान

**मुरैना।** पिछले कई महीनों से मुरैना से जोरा जाने वाले मार्ग पर 1 किलोमीटर का एरिया जलभराव की समस्या से ग्रसित है और इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा जाम लग रहा है एवं लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते गुरुवार की सुबह जोरा रोड पर आम नागरिकों ने खटिया डालकर जल सत्याग्रह शुरू कर दिया और पानी में ही बैठ गए। यह देख मीडिया का जमावड़ा लग गया और मामला सुर्खियों में आ गया, लेकिन कई घंटों तक नगर निगम या प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। पिछले 8 माह से भी अधिक समय से मुरैना से जौरा जाने वाले मार्ग पर सोलंकी पेट्रोल पंप से लेकर केला देवी फ्लोर मिल तक का एरिया जलभराव की समस्या से जूझ रहा है और यहां सड़क के दोनों ओर लगातार पानी भरा हुआ है, जिस कारण सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं तथा वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। जलभराव के चलते यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, रोड के दोनों साइड में रहने वाले हजारों नागरिक इस जलभराव की समस्या से पीड़ित है, क्योंकि उनके बच्चे स्कूल जाते हैं तो पानी में होकर गुजरना पड़ता है, वहीं आम आदमी को भी इस पानी से प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसा कोई भी दिन शेष नहीं जाता, जब दो-चार लोग पानी और गड्ढे के कारण चोटिल होकर अस्पताल नहीं पहुंचते। 6 माह पूर्व जब किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर की बेटी की शादी थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शहनाई रिसॉर्ट पहुंचे थे, तब जरूर यहां पानी निकाल दिया गया था और रोड की मरम्मत कर दी गई थी, लेकिन उसके बाद से यहां पर नगर पालिक निगम द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया और फिर से यह मार्ग पुरानी स्थिति में आ गया। चाहे बारिश हो या ना हो, लेकिन यहां जलभराव की स्थिति 24 घंटे बनी हुई है। सड़कों में गहरे गड्ढे हो गए हैं और बगल से नाले खुले पड़े हुए हैं, जिस कारण सड़क और नाले का पता नहीं पड़ता। आए दिन हजारों की संख्या में लोग परेशानियां भुगत रहे हैं, परंतु नगर पालिक निगम के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे, जबकि नगर पालिक निगम के पास इस समस्या का समाधान है और पानी निकालने की व्यवस्था और संसाधन भी है, लेकिन अधिकारी काम ही करना नहीं चाहते। शुक्रवार की सुबह आक्रोशित जन समुदाय ने सोलंकी पेट्रोल पंप के पास जल सत्याग्रह शुरू कर दिया और खटिया डालकर पानी में बैठ गए, जिसे देखकर मीडिया भी वहां पहुंच गई और जल सत्याग्रह सोशल मीडिया पर छा गया। इसके बाद भी प्रशासन अपनी नींद से नहीं जागा है और ना ही अभी तक इस जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल की है।

## ईपीएफ कमिश्नर ने सीएमओ पोरसा को नोटिस भेजा

**पोरसा।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि की मांग पर असिस्टेंट ईपीएफ आयुक्त अजय कुमार यादव ने नगरपालिका परिषद पोरसा सीएमओ को नोटिस जारी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगरपालिका परिषद पोरसा में लगभग 100 से अधिक अस्थाई सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं जिनमें से लगभग 50 सफाई कर्मचारियों को ईपीएफ कटौत्रा का लाभ नहीं दिया जा रहा है तथा जिन कर्मचारियों का ईपीएफ कटौत्रा किया जा रहा है। उन कर्मचारियों की केवाईसी नहीं की गई है जिससे कर्मचारियों द्वारा ईपीएफ की राशि निकालने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुडडू संजय वाल्मीक ने कहा कि इस सम्बन्ध में तत्कालीन सीएमओ अमजद गनी को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की गई थी, लेकिन सीएमओ द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्मचारियों का शोषण किया गया जाता रहा है। यदि समय सीमा में समस्या का निराकरण नहीं होता है तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जबावदारी निकाय प्रशासन पोरसा की होगी।

## शैलेंद्र शैली स्मृति व्याख्यान: संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आएं: अशोक तिवारी

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध वामपंथी नेता शैलेंद्र शैली की स्मृति में व्याख्यान का आयोजन गोहद में किया गया। व्याखान का विषय- आजादी के 75 साल, अब तक की डगर और आगे का सफर रखा गया। पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में आजादी को बचाने का संघर्ष प्रमुख है। शासक वर्ग का हमला लोकतंत्र और संविधान पर है। हमें इसे बचाने के लिए हर हाल में आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जो आजादी की 75वीं बर्षगाठ अमृत महोत्सव मना रहे हैं। उनका आजादी की लड़ाई में किसी तरह का कोई योगदान नहीं है। इसे हमें आम जनता को समझाना होगा और देश को बचाने के लिए आगे आना होगा, यहीं सबसे बड़ी चुनौती है। व्याख्यान कार्यक्रम को वामपंथी नेता ओपी बाथभ, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर, रशीद खान, युवा नेता भूपेंद्र गुर्जर, किसान नेता राजेंद्र सिंह कुशवाह, जमस की नेत्री शोभा माहौर आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता वीरेंद्र कुशवाहा ने की।

## जौरा विकासखण्ड मुख्यालय पर स्कूली बच्चों ने तिरंगा लेकर रैली निकाली

**मुरैना।** ''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत एसडीएम जौरा विनोद सिंह के मार्गदर्शन में सभी स्कूली बच्चों ने गुरूवार को तिरंगा लेकर रैली निकाली। रैली का शुभारंभ एसडीएम जौरा विनोद सिंह ने किया। ध्वज को लेकर प्रशन मुद्रा में गली, मोहल्ले एवं प्रमुख मार्गो से होते हुये दिखे।

# सभापति चुनाव में कोई भी गड़बड़ हुई तो प्रशासन होगा जिम्मेदार: गुर्जर

### पार्षदों को सुरक्षा देने कलेक्टर से मिले कांग्रेसजन, भाजपाइयों की मंशा से आशंकित है कांग्रेसी

**मुरैना।** शुक्रवार को नगर पालिक निगम मुरैना के सभापति पद के लिए होने जा रहे मतदान को लेकर गुरुवार को एक बार फिर कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन से मुलाकात कर चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा पार्षदों को सुरक्षा देने की मांग की है। कांग्रेसजनों ने आशंका जाहिर की है कि भाजपा के लोग गलत मंशा पाले बैठे हैं और वह सत्ता के नशे में कोई भी कृत्य को अंजाम दे सकते हैं, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही चुनाव के दौरान ना बरती जाए, अन्यथा इसकी जिम्मेदारी कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की होगी। प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर के नेतृत्व मैं गुरुवार को कांग्रेस के तमाम पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर कहा कि सभापति चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो एवं पार्षदों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए। चुनाव के दौरान कोई भी गड़बड़ी या पार्षदों के साथ गलत हरकत होती है, तो इसकी जवाबदारी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की होगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग चुनाव के दौरान पार्षदों के साथ किसी प्रकार की हरकत कर सकते हैं, इसलिए सुरक्षा प्रबंध में कोई लापरवाही ना की जाए। इस अवसर पर विधायक राकेश मावई, शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, अशोक भदौरिया, राकेश यादव, जसवीर सिंह गुर्जर, राम लखन दंडोतिया, राधारमण दंडोतिया, भगवान सिंह तोमर, राजेंद्र सोलंकी, राजेंद्र यादव, सौरव सोलंकी सहित तमाम कांग्रेसी पदाधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि कांग्रेस की ओर से राधारमण दंडोतिया सभापति पद के दावेदार है तो, वहीं श्रीमती भावना मंडलेश्वर हर्षोना अपने आप को भाजपा की ओर से दावेदार बता रहीं हैं, जबकि पार्टी द्वारा उन्हें अधिकृत नहीं किया गया है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के नेता भी अंदरूनी तौर पर निर्दलीय एवं बसपा के पार्षदों को अपने पाले में लाने के लिए प्रयासरत हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के पास 30 से अधिक पार्षद है। हाल ही में 2 अगस्त को टाउन हॉल में शपथ

## खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बानमौर में डेरारी का आकस्मिक निरीक्षण

**मुरैना।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर द्वारा गत 18 जुलाई को मुरैना जिले में दुग्ध पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मिलावट कर रहे खाद्य प्रतिष्ठानों को चिन्हित करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने 22 जुलाई 2022 अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। निर्देशों के तहत 3 अगस्त बुधवार को बानमौर तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, बानमौर पुलिस श्रीमती दीपाली चंदेरिया, बीरेश सिंह कुशवाह और खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिकारी धर्मेंद्र जैन की संयुक्त टीम द्वारा दुग्ध उत्पाद के अप मिश्रण संबंधी मामले में डेयरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। बानमौर में सल्मान डेयरी, शीतल डेरी और श्रीराम डेरी पर जांच की गई। जिसमें सल्मान डेरी से 2 सैंपल, शीतल डेयरी से 3 सैंपल और श्रीराम डेयरी से 2 सैंपल दुग्ध उत्पाद के लिये गये। अचानक हुई इस कार्रवाई से संपूर्ण कस्बे में हलचल है। सभी दुग्ध उत्पाद बेचने वालों को कडे निर्देश दिए हैं कि यह कार्यवाही जारी रहेगी और किसी भी तरह की अपमिश्रित सामग्री बेचने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाली तीज उत्सव में लिया 1000 पौधे रोपने का संकल्प

### गाये सावन के गीत, झूमकर नाचीं जेसीआई मेम्बर्स, खेले गेम

**मुरैना।** महिलाओं के स्वयं सेवी संगठन जेसीआई मुरैना जागृति ने हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने पेड़-पौधों के महत्व पर चर्चा करते हुए आगामी दिनों में 1000 पौधे रोपने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया। जेसीआई के हरियाली तीज उत्सव का आयोजन हाइवे किनारे स्थित होटल शुभहिम में किया गया, जिसमें लगभग सभी सदस्य हरे रंग के वस्त्र पहनकर शामिल हुईं। सबसे पहले संगठन की सदस्यों ने पर्यावरण सुधारने के लिए पौधरोपण के महत्व पर चर्चा की। फाउंडर प्रेसिडेंट भावना जैन वर्तमान प्रेसिडेंट मधु सिंघल के मुताबिक सभी ने एकराय होकर संकल्प लिया कि बरसात का मौसम बीतने से पहले वे जिले के विभिन्न हिस्सों में एक हजार पौधे लगाएंगीं। जैन धर्मस्थल टिकटौली दूमदार में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। इसके तहत महिलाओं ने सावन के गीत गाये और सामूहिक रूप से नृत्य भी किया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के गेम्स भी हुए, जिनमें सभी जेसीआई मेम्बर्स ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। आयोजन स्थल पर ही महिलाओं ने झूले का लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम में जेसीआई मेम्बर्स के लिए गिफ्ट का इंतजाम इवेंट मैनेजर अवनी बंसल की ओर से किया गया। चूंकि अवनी बंसल ग्वालियर-चंबल संभाग की इकलौती महिला इवेंट मैनेजर हैं, इसलिए जेसीआई ने उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संयोजन अंजना शिवहरे एवं अनुराधा गर्ग ने किया। जबकि कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत अध्यक्ष मधु सिंघल ने की। अंत में सचिव ज्योति मोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फाउंडर प्रेसिडेंट भावना जैन, पास्ट प्रेसिडेंट भारती मोदी, नीता बांदिल, नीरज गुप्ता, अंजना शिवहरे, अनुराधा गर्ग, मधु सिंघल, हेमलता मोदी, कोषाध्यक्ष सिंपल गोयल सहित सभी जेसीआई मेम्बर्स शामिल हुईं।

### 30 सितंबर को शुरू होगी अलबेली हाट

जेसीआई के हरियाली तीज उत्सव में दीपावली से पूर्व अलबेली हाट के आयोजन की तिथि भी तय की गई। महिलाओं ने विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया कि तीन दिवसीय अलबेली हाट की शुरुआत इन बार 30 सितंबर से की जाएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी अलबेली हाट का आयोजन खास ढंग से किया जाएगा। कुछ नई एक्टिविटीज भी अलबेली हाट में शामिल की जाएंगी। बता दें कि जेसीआई मुरैना जागृति द्वारा दीपावली से पूर्व हर साल अलबेली हाट का आयोजन किया जाता है, लेकिन कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले 2 साल से यह आयोजन नहीं किया जा सका।

# ब्रॉडगेज निर्माण: अस्पताल के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही

**कैलारस।** ब्रॉड गेज निर्माण का कार्य नगर कैलारस में द्रुत गति से जारी है। नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 5, 6 व 7 की बहुमत आबादी के लिए अस्पताल जाने के लिए ब्रॉड गेज का निर्माण होने के बाद रास्ता पूरी कर बंद हो जाएगा। ऐसी स्थिति में पूर्व से जारी परंपरागत मार्ग, कृष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बना कर रास्ता बनाया जाए, यह मांग मोहल्ला वासियों द्वारा की जा रही है।

पूर्व में कई ज्ञापन दिए गए हैं परंतु कोई सुनवाई नहीं है। अब क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। क्रमिक भूख हड़ताल के दूसरे दिन ओमप्रकाश श्रीवास, रतनलाल शाक्य, बृजराज जाटव, रमेश प्रजापति बैठे। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्ला वासी भूख हड़ताल स्थल पर एकत्रित हुए और उन्होंने एकजुटता प्रकट की एकजुटता प्रकट करने वालों में श्रीमती सलमा खान, मिथिलेश श्रीवास, सुनीता जाटव, ममता शाक्य, मुन्नी जाटव आदि उपस्थित रहे। भूख हड़ताल पर बैठे लोगों ने बताया कि यह आंदोलन मांग पूरी न होने तक लगातार जारी रहेगा। आम जनता ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि हजारों आबादी के हित को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल जाने के रास्ते के लिए अंडर ब्रिज के निर्माण की कार्रवाई की जाए।

# नाबालिग का अपहरण कर किया गैंगरेप, जीजा-साले सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज

### चंबल डीआईजी राजेश चावला के हस्तक्षेप के बाद चार लोगों के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**कैलारस।** जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम पीड़िता के एक परिचित ने दिया है। पीड़िता परिजनों के साथ कैलारस थाने पहुंची, वहीं आरोपी पक्ष के लोग पीड़िता के परिवार पर राजीनामा का दबाव बनाने में लगे हुए हैं। राजीनामा हो भी गया, लेकिन जब मामला आला अधिकारियों तक पहुंचा, तब कहीं जाकर चार आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया। घटना मुरैना जिले के कैलारस थाना क्षेत्र के हरलाल का पुरा गांव की है। यहां रहने वाली 15 साल की नाबालिग लड़की की दीवान यादव नाम के युवक से बातचीत होती थी। सोमवार-मंगलवार की रात 1 बजे दीवान ने फोन करके नाबालिग लड़की को घर के बाहर बुलाया, उसके बाहर आने पर दीवान ने अपने जीजा मंगल यादव, अनूप यादव और शेरा यादव के साथ नाबालिग का अपहरण कर लिया और उसे सुनसान इलाके में ले गए, जहां उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया दिया गया है। आरोपियों ने राजीनामा का भी दबाव बनाया है। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने सारी बात परिजनों को बताई, उसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर कैलारस थाने पहुंचे, लेकिन इसी बीच आरोपी पक्ष के लोगों का जमावड़ा थाने में हो गया, जिसमें आरोपी की सिफारिश करने वाले एक सरपंच भी आए थे। 4 घंटे से ज्यादा समय तक पीड़िता और उसका परिवार पर राजीनामा का दबाव बनाया गया।

## अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम लहर में रैली निकालकर दिया तिरंगे का संदेश

मुरैना। शासन के निर्देशानुसार 13 से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा''अभियान चलाया जायेगा। जिसके संबंध में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में जनपद सीईओ अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान ने अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम लहर में बाइक रैली निकलवाकर ''हर घर तिरंगा'' अभियान का संदेश दिया। बाइक रैली में सभी ग्रामीणजन एकत्रित हुये और गांव के प्रत्येक गली, मोहल्लें में जनश्रंखल्य, मानव श्रंखल्य बनाकर लोगों को अपने घरों पर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। जनपद सीईओ के मार्गदर्शन में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर ध्वज वाहनों पर लगाकर घर-घर संदेश दिया कि केन्द्र व मध्यप्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप हर व्यक्ति अपने घर, वाहन, ऑफिस, दुकान, प्रतिष्ठान पर तिरंगा अवश्य लगायें।

# नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं भिंड कलेक्टर : डॉ.भारद्वाज

**भिंड नगर पालिका में पिछले समय से चल रहे व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अनिल भारद्वाज ने जिला प्रशासन को लिया आड़े हाथ, बोले - यह पुराने भ्रष्ट सीएमओ को वापस लाने की साजिश**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पिछले दिनों में भिंड नगरपालिका में हुए घोटालों और भ्रष्टाचार को लेकर जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अनिल भारद्वाज ने जिला प्रशासन भिंड को आड़े हाथ लिया है। श्री भारद्वाज ने एक वीडियो जारी करते हुए स्पष्ट कहा है कि भिंड कलेक्टर उस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं जिसमें कहा गया है कि नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।

श्री भारद्वाज ने वीडियो में कहा है कि भिंड नगर के जनमानस और उनके स्वयं के द्वारा कई बार स्वयं कलेक्टर को नगर पालिका के भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें की गई लेकिन कलेक्टर महोदय ने उन पर कोई भी एक्शन नहीं लिया। जबकि स्वयं कलेक्टर नगर पालिका के प्रशासक के पद पर आसीन थे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कलावती मिहोलिया के दिवंगत हो जाने के बाद प्रशासक के रूप में कलेक्टर ने नगर पालिका की जिम्मेदारी संभाली। लेकिन बाद उसके शहर की बदहाली लगातार बढ़ती गई। गंदगी के पायदान की बात करें तो कई अंक पीछे मुड़कर एक बार फिर से भिंड शहर गंदगी की चपेट में चला गया। हर गली मोहल्ले में कचरे का ढेर लगा हुआ दिखाई देता है लेकिन बाद उसके कलेक्टर महोदय के द्वारा कोई भी कार्यवाही किसी कर्मचारी अधिकारी पर नहीं की। अब जब नगर पालिका में नया अध्यक्ष बनने में कुछ घंटे शेष बचे हैं तब कलेक्टर जागे हैं और अपने सीएमओ और इंजीनियर को नोटिस जारी कर रहे हैं। यदि समय रहते हैं ऐसे नोटिस जिला प्रशासन यानि कि कलेक्टर महोदय ने जारी किए होते तो शायद भिंड की कुछ दशा सुधर गई होती। कांग्रेस प्रवक्ता श्री भारद्वाज ने कहा है कि भिंड कलेक्टर भाजपा के नेताओं की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं और इन नोटिस जारी करने में भी उन्हें साजिश की बू आ रही है श्री भारद्वाज ने कहा कि उन्हें अंदेशा है कि इन नोटिसों के माध्यम से पुराने भ्रष्ट सीएमओ को वापस लाने की कुछ सत्ताधीशों की शह पर जिला प्रशासन की यह कवायद मात्र भर है ।

## राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति के भिखमचंद काग बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

पुष्पांजली टुडे

**मैसूर** –राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति सरंक्षक गुणाराम सोलंकी संस्थापक सह-संस्थापक स्व. मनु भाई चोयल के उद्देश्य,सपने को आगे बढाते हुए,दुर्गाराम पँवार,मनोहर पितावत में आपसी बातचीत करके भिखमचंद काग को राष्ट्रीय सीरवीं किसान सेवा समिति सामाजिक संस्थान के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। भिखमचंद का वर्तमान निवास स्थान प्रतिष्ठान टी सी गोल्ड मैसुर, माताजी पवन ब्रोकर हुणसुर ,प्रतिष्ठा । भींकमच्द का उद्देश्य है किसान के रूप में जमींनदारी व समाज सेवा करना। इनकी कार्यशैली समाज सेवा को देखते हुए राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति के सरंक्षक गुणाराम सोलंकी ने भिखमचंद बातचीत करके व प्रभावित होकर समिति का नेतृत्व आपको करने को कहा और अध्यक्ष पद से मनोनीत किया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर समिति परिवार, चेत बंदे पत्रिका परिवार सीरवीं समाज डॉट कॉम परिवार व अखिल भारतीय सीरवीं समाज की तरफ से बहुत बहुत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

## वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में एन एस एस ने किया टीकाकरण अभियान

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**बालाघाट।** भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उत्सव में संपूर्ण देश में आजादी का महोत्सव मनाया जा रहा है इसी बीच दिनेश बनोठे ने बताया कि वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में राष्ट्रीय सेवा योजना हस्र के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 27/07/2022 तथा 03/07/2022 को किया गया। जिसमें महा विद्यालय के समस्त स्टाफ विद्यार्थी तथा उनके परिजनों ने कोविड- टीकाकरण में भाग लिया कोविड- टीकाकरण मैं शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी से चिकित्सकों की टीम ने सहयोग प्रदान किया जिसमें बी.एम.ओ डॉक्टर खिलेंद्र पाल. मंजू पराड़कर. तरुणा. टेम्भुरणे.ललिता. × चित्रलेखा हरिनखेडे की टीम उपस्थित उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के. एल हियारें कार्यक्रम के प्रभारी श्री बुद्धवर्धन फुलवारी सर. राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ हस्र मुख्य अतिथि श्री आई.पी सलामे श्री अब्दुस समीम. श्री नवीन कोरट. श्री उमेश कुशवाह. श्री अशोक टेम्भुरणे श्री आशीष नकाशे. श्री वीरेंद्र पटेल. श्री रोहित पाण्डेय. श्रीमती पूनम गुप्ता. श्रीमती रोहिणी देवी पटले. श्रीमती नीतू सिहोतके सुनील देवारें. आकाश. दिनेश. दुर्योधन. अजय. आरती.तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिती सराहनीय रही।

## आगामी त्योहारों को लेकर थाना गोहद चौराहा में शांति समिति की बैठक संपन्न

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश खरपूसे , श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री सौरभ कुमार जी के निर्देशन में थाना प्रभारी गोहद चौराहा रविंद्र शर्मा एवं गोहद थाना प्रभारी राजेश सातनकर द्वारा रक्षाबंधन ,भुजरिया मेला मोहर्रम तथा राष्ट्रीय पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक गोहद एवं चौराहा थाना परिसर में ली , मीटिंग में धर्म गुरु व विभिन्न व्यापारी वर्ग के लोग सम्मिलित हुए साथ ही एसडीएम शुभम शर्मा सीएमओ सतीश दुबे मौजूद रहे

बैठक में मुहर्रम त्यौहार, रक्षाबंधन त्यौहार तथा भुजरिया मेला व राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा त्योहारों को शातिपूर्वक संपन्न कराने हेतु शांति समिति के सदस्यों से सुझाव लिए गए, साथी गोहद चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी व्यापारी वर्ग से ग्राहकों के वाहनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से खड़े कराने की अपील थाना प्रभारी द्वारा की गई,

## कलश यात्रा मैं सम्मिलित हुए महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी, महिलाओं ने सिविल लाइन थाने में

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**दतिया।** कलश यात्रा मैं महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी,सभी महिलाओं ने देर शाम सिविल लाइन थाने आभूषण चोरी की लिखित शिकायत दी, जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ कॉलोनी निवासी श्रीमती शकुंतला यादव ने बताया कि स्टेडियम में कलश यात्रा के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा गले से चेन चोरी कर ले गया है। वहीं संध्या सोनी निवासी ठंडी सड़क के गले से 13 ग्राम जंजीर 3 ग्राम का पेंडल चोरी हुआ है, राजकुमारी केवट निवासी मुडियन का कुआ के गले से एक तोले की जंजीर चोरी, रजनी चौहान शीतल कॉलोनी, सीमा निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, साधना कौरव निवासी गौड़ बाबा कॉलोनी, पूनम विश्वकर्मा निवासी राजगढ़ चौराहा पंडा मोहल्ला के गले से सोने के आभूषण कलश यात्रा के दौरान हुए चोरी जिसकी शिकायत सिविल लाइन थाने आवेदन देकर की। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कहना है महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी होने की जानकारी मिली है कलश यात्रा के दौरान भीड़ थी, कैमरे में खंगाले जा रहे हैं जल्द ही महिलाओं के गले से आभूषण चोरी करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## धर्म के नाम पर बिखरे समाज को समन्वित करने में सफल हुए महाकवि तुलसीदास - डॉ. आर ए एस चौहान

केशव पंडित जी अम्बाह

**अम्बाह** – अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवराज सिंह तोमर एवं मुख्य वक्ता के रूप दर्शनविद डॉ.आर.ए.एस.चौहान जी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा सौम्या शर्मा ने बताया कि महात्मा बुद्ध की भांति तुलसीदास का जन्म भी विषम परिस्थितियों में हुआ था। जिस समय तुलसीदास का जन्म हुआ था, उस समय के समाज के सम्मुख कोई उच्च आदर्श नहीं था। समाज के उच्च स्तर के लोग भी अज्ञानता कीचड़ में फंसे हुए थे। निचले स्तर के लोग स्त्री और पुरुष दरिद्र, अशिक्षित और रोग-ग्रस्त थे। अज्ञान, अधर्म, कुरीतियों,पाखण्ड, जातिवाद के अंधकार में तुलसी प्राची के मुखमण्डल पर भगवान भास्कर की भांति उदित होकर समाज को प्रकाशित करने में सफल हुए।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री चौहान ने कहा कि तुलसी का काव्य, धर्म-रक्षा एवं संस्कृति का संगम है। जहाँ वे काव्य के क्षेत्र में वाल्मीकि और कालिदास के समकक्ष ठहरते हैं, वहीं धर्म रक्षा में वे शंकराचार्य के समान है। तुलसी सच्चे लोकनायक थे। उन्होंने समाज का मनोवैज्ञानिक अध्ययन कर समाज को समझा और धर्म के नाम पर बिखरे हुए समाज का समन्वय करने में सफल हुए। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. तोमर ने अपने वक्तव्य में कहा कि तुलसी ÷सिया राम मय सब जग जानी÷ के सिद्धांत से अनुप्राणित होकर अपने काव्य के निर्माण में जुट गये। जीवन को सफल और सार्थक करने वाले सभी तत्वों को तुलसी ने अपने काव्य में स्थान दिया। तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस का लोक में जो सम्मान हुआ वैसा किसी अन्य काव्य में दुर्लभ है। इस प्रकार तुलसी ने राम काव्य रचकर जो भागीरथी प्रयत्न किया, वह तुलसी से पहले और बाद आज तक नहीं हो सका।

तत्पश्चात हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ.शशिवल्लभ शर्मा द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ.पूर्णिमा अग्रवाल, डॉ.अभिलाषा श्रीवास्तव, प्रो.सोमेश सिंह तोमर एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री करेंगे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जनपद सभागार में संबोधित

**नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य लेंगे शपथ**

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**बालाघाट।** लांजी - जनपद पंचायत लांजी में आज 05 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया जायेगा जिसके पश्चात नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत एवं भूतपूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को विदाई दी जाएगी। इस संबंध में जनपद पंचायत लांजी के सीईओ रंजीत सिंह ताराम से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर 12 बजे से पंचायत राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से ÷घर - घर तिरंगा÷ अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संबोधित किया जायेगा तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का स्वागत एवं भुतपूर्व जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यो का बिदाई समारोह का आयोजन अपरान्ह 2 बजे से जनपद पंचायत लांजी में किया गया है ।

## महेंद्र मुणोत ने शिक्षण साम्रगी का वितरित किया

पुष्पांजली टुडे

**बैंगलूरू** –गुरूवार को जैन समाज चिकमगलूरू द्वारा शांति नगर स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने शिक्षण सामग्री वितरित किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत के साथ समाज के अध्यक्ष कांतिलाल खिमेसरा ,मंत्री रमेश खिमेसरा, पूर्व अध्यक्ष गौतम चंद जैन, प्राणेश एवं शिक्षक वृंद कार्यक्रम का शुभारंभ बालक हिमालय द्वारा गुरु ब्रह्मा श्लोक के उच्चारण से हुआ ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक एंव स्टाप मौजूद थे ।

## आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कैंप 5 अगस्त को इन वार्डों में

अनिल कुशवाह प्रभारी

पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**– नगर पालिका शिवपुरी क्षेत्रांतर्गत वार्डवार कैंप लगाए जाकर समस्त वार्डों में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जाना है। इसी क्रम में 05 अगस्त को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कैम्प वार्ड क्रमांक 01, 02, 12, 13, 19, 20, 29 एवं वार्ड क्रमांक 30 में आयोजित किए जाएगें।

## शैलेंद्र शैली स्मृति व्याख्यान: संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आएं: अशोक तिवारी

महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

**गोहद-भिंड ।** प्रेम नारायण माहौर से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध वामपंथी नेता शैलेंद्र शैली की स्मृति में व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याखान का विषय- आजादी के 75 साल, अब तक की डगर और आगे का सफर रखा गया। व्याख्यान बोलते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में आजादी को बचाने का संघर्ष प्रमुख है। शासक वर्ग का हमला लोकतंत्र और संविधान पर है। हमें इसे बचाने के लिए हर हाल में आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जो आजादी की 75 वी बर्षगाठ ÷अमृत महोत्सव÷मना रहे हैं। उनका आजादी की लड़ाई में किसी तरह का कोई योगदान नहीं है। इसे हमें आम जनता को समझाना होगा और देश को बचाने के लिए आगे आना होगा। यही सबसे बड़ी चुनौती है। व्याख्यान कार्यक्रम को वामपंथी नेता ओ पी बाथम, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर, रशीद खान, युवा नेता भूपेंद्र गुर्जर, किसान नेता राजेंद्र सिंह कुशवाह, जमस की नेत्री शोभा माहौर आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता वीरेंद्र कुशवाहा ने की।

# रजिस्ट्रार कार्यालय में एजेंटों का बोलबाला प्रीति रजिस्ट्री 2 फ़ीसदी की बजाय ले रहे मोटी रकम सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि यह है कि रजिस्ट्रार कार्यालय में प्राइवेट लोगों को दायित्व सौंपा गया है

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव।** उप रजिस्ट्रार कार्यालय में बयनामा के नाम पर चल रही है अवैध वसूली रजिस्ट्री करने के नाम पर 10,000 हजार तक वसूल लेते हैं जबकि शासन के मान स्टांप ड्यूटी पर केवल 2 फ़ीसदी टैक्स लिए जाने का प्रावधान है पक्षकारों द्वारा जब अधिक टैक्स नहीं दिया जाता है तो रजिस्ट्री पेंडिंग कर दी जाती हैं और लोगों को कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं मालूम हो कि स्टांप ड्यूटी 2 फ़ीसदी कमीशन शासन की ओर से तय किया गया है सर्विस प्रोवाइडरो द्वारा 10 फ़ीसदी से अधिक का कमीशन वसूल कर लिया जाता है रजिस्ट्री के लिए लोग फिर भी तहसील के चक्कर लगाते रहते हैं यह सिलसिला 10 साल से अधिक समय होने के बाद भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है इसका कारण प्रशासन की लापरवाही है

क्योंकि लगभग 10 साल से ज्यादा समय से रजिस्टार रणवीर सिंह जादौन एक जगह पदस्थ हैं इनका कहना है कि मैं केंद्र मंत्री से लेकर कलेक्टर और कई वरिष्ठ अधिकारियों को और नेताओं को पैसा भेजता हूं इसलिए मेरा स्थानांतरण यहां से नहीं हो सकता सबसे अजीब वाकया तो यह है कि शासकीय कार्यालय में दो शासकीय कर्मचारी बाकी चार प्राइवेट कर्मचारी दायित्व सौंपा गया है कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं जो लोगों से खुलकर पैसा वसूल करते हैं इसकी पूर्व में कई बार शिकायत होने के बाद भी अभी तक इसका स्थानांतरण ना होने की वजह क्या है इससे

स्पष्ट होता है कि प्रशासन की मिलीभगत उप रजिस्ट्रार रणवीर सिंह जादौन और उनके एजेंटों द्वारा सरे आम लोगों को लूटा जा रहा है

## माध्यमिक विद्यालय (बादल गढ़) ग्वालियर में उद्यमिता सम्मेलन कार्यशाला आयोजित

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** दिनांक 3अगस्त 2022 को सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ( बादल गढ़) ग्वालियर में उद्यमिता सम्मेलन कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता श्री सतेन्द्र सिकरवार जी तथा अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य

श्री मनोज गुप्ता जी ने की भूमिका श्री लोकेंद्र सिंह राजपूत ने रखी, कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रियंका निराला जिला महिला कार्य प्रमुख ग्वालियर ने किया तथा आभार सुनील जी ने किया, रजनी दीदी ने बच्चों एवं टीचिंग स्टाफ को स्वदेशी पत्रक भेंट किया इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रश्मी शर्मा ने अपने जन्मदिन पर किया 10 महीने के बच्चे के लिए बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जय माई मानव सेवा समिति की सदस्य व सर्व ब्राह्मण महिला समिति की जिलाध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता महिला रश्मी शर्मा ने आज एक जरूरत मंद 10 महीने का बच्चा आयुष विश्वकर्मा के लिए बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी बैंक में यह ब्लड उपलब्ध नहीं था एनआरसी वार्ड की दीदी आरती शर्मा जी का कॉल आया जय माई मानव सेवा समिति के अध्यक्ष के पास आया की एक 10 महीने के बेबी के लिए बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है और ब्लड बैंक में ब्लड नहीं मिल रहा जब समिति के ग्रुप में द्वह्वद्द डाला गया तो रश्मी शर्मा ने अपने जन्मदिन पर उस बच्चे की जान बचाने के लिए अपने जन्मदिन पर ब्लड डोनेट किया है शिवपुरी के ब्लड बैंक में आकर शिवपुरी की नारीशक्ति रश्मी शर्मा जी को जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी की तरफ से बहुत बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और आप ऐसे ही समाज सेवा करती हैं रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान

## ग्राम पंचायत जाट बड़ौदा मे सरपंच के नेतृत्व मे पोधे रोपण किए

**ब्यूरो चीफ जितेंद्र सिंह**

**राजस्थान।** पंचायत समिति गंगापुर सिटी की ग्राम पंचायत जाट बड़ौदा मे सरपंच श्रीमती सुमन बाई मीना के साथ ग्राम बासियो ने अटल सेवा केंद्र में पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही पंचायत के सभी सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाने का आव्हान किया इस मौके पर युवा नेता राजेंद्र गंगाजी की कोठी, गीता प्रसाद मीणा कृषि पर्यवेक्षक, रामबाबू जाटव ई मित्र संचालक,पंखी लाल मेट, रिंकू मीणा,विजय कंपाउंडर एवं दीपक सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## वर्तमान समय में एक जटिल समस्या बन चुकी निजी विद्यालय में प्रायवेट पुस्तके

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...नगर** मंत्री भुवनेश गुधैनियाँ का कहना था की नगर में सेंकडा से ज्यादा निजी विद्यालय में एनसीसीईआरटी किताबो के वजाय औने पौने दामों

की प्रायवेट पुस्तके चल रही है जिनकी वजह से पढ़ाई का स्तर तो गिर ही रहा हे साथ ही पालकों पर अतिरिक्त भार भी आ रहा है, और इसकी वजह से कमीशनखोरी भी जड़े बना रही है । इसी के विरोध में आज नगर मंत्री भुवनेश गुधैनिया , अंकित लक्षाकार, विक्रम तोमर, हर्ष श्रीवास्तव, चिंटू राजौरिया , मयंक श्रीवास्तव , सोम आदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में ज्ञापन सौंपा और अनुविभागीय अधिकारी से तीन दिनों में इस मुद्दे पर उचित कार्यवाही करने की मांग की अन्यथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अंबाह के कार्यकर्ता नगर मंत्री भुवनेश गुधैनियाँ के नेतृत्व में उग्र आंदोलन करेंगे।

# ग्राम अमलीपदर आदर्श रामायण मण्डली के तत्वावधान में मनाया गया गोस्वामी तुलसीदास जयंती

मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में चल रहे पवित्र श्रावण मास श्री दुर्गा मंदिर अमलीपदर में आदर्श रामायण मण्डली के तत्वावधान में पुरे श्रावण मास रामायण पाठ किया जाता है जहां क्षेत्र से सभी भक्त राम कथा पान करने हेतु श्री दुर्गा मंदिर पहुंचते हैं जहां आज कवि भूषण गोस्वामी तुलसीदास जी का आज जयंती है उसी पर प्रकाश डालते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर आचार्य पंडित युवराज पांडे ने बताया की गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा भगवान शिव के प्रेरणा से रचित राम चरित्र मानस आज पूरे विश्व में जन जन के पास उपलब्ध जिससे आज सभी श्रद्धालु घर में रामायण पाठ करते हैं सरल अवधी भाषा में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामायण सभी पाठ करते हैं आचार्य जी ने बताया कि इनके माता पिता का नाम आत्माराम दुबे एवं माता हुलसी देवी है जन्म से ही गोस्वामी तुलसीदास जी के 32 दांत हुए और जन्म लेते साथ ही सर्वप्रथम उनके मुख से राम नाम शब्द

उच्चारण हुआ जिससे उनका नाम राम बोला भी रखा गया था श्री तुलसी दास जीके जन्म के बारे में एवं उनके द्वारा किस प्रकार से रामायण की रचना हुई एवं हनुमान जी और भगवान श्री रामचंद्र जी से भेंट की संपूर्ण कथा आचार्य श्री ने विस्तार पूर्वक जानकारी दिया इस आयोजन आदर्श रामायण मण्डली के सभी सदस्य एवं ग्राम अमलीपदर वासी उपस्थित थे।

# लार्वा विनिस्टीकरण अभियान के चलते स्कूली बच्चों व गांव के लोगो को दिलाई शपथ

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- जिले में मलेरिया डेंगू से बचाव हेतु लार्वा विनिस्टीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला स्वास्थ समिति शिवपुरी के संयुक्त तत्वावधान में क्रियान्वित एंबेड परियोजना के तहत विकासखंड खनियाधाना और पिछोर के ग्राम श्रीनगर, सिरसा, पडरा में लार्वा सर्वे एवं लार्वा विनिस्टीकरण किया गया। उक्त कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर, मलेरिया सलाहकार डॉ.राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में घरों से कवाड़ बाहर निकलवाया गया। जिसमें 10 घर लार्वा पॉजिटिव रहे और स्कूली बच्चों को मलेरिया व डेंगू से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना जिला समन्वयक दीपक जौहरी ने मच्छर का लार्वा दिखाकर बताया कि एक मच्छर का जीवनकाल 45 से 60 दिन का होता है

और यदि हम सब मिलकर एक साथ दो माह तक मच्छर से अपने शरीर का सम्पर्क न होने देने का संकल्प लेकर वर्तमान रोगियों का संपूर्ण इलाज कराएं तो हम अपने गांव को मलेरिया मुक्त बना सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में स्कूली बच्चों व गांव के लोगो ने मलेरिया मुक्त बनाने के लिए आवश्यक सावधानियां और साधन जैसे मच्छरदानी का नियमित उपयोग शीघ्र संपूर्ण इलाज कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध प्रताप सिंह का इस कार्यक्रम में बहुत सहयोग दिया। एंबेड टीम के सदस्य प्रोग्राम एसोसिएट विवेक झा और बीसीसीएफ महेश कुमार, रियाज, सतेन्द्र, चंदन, बबिता, हरगोविंद आदि का योगदान रहा।

## रेडियोग्राफर अशोक कौरव का विदाई समारोह सम्पन्न

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**भाण्डेर**-भांडेर अनुभाग के सोहन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रेडियोग्राफर अशोक कौरव अपनी सेवाओं से निवृत्त हुए।जिसके चलते मेडिकल ऑफिसर डॉ.हेमा बघेल व स्टाफ द्वारा

उनका विदाई समारोह सम्पन्न हुआ।इन दौरान उनके विदाई समारोह के सुअवसर पर ट्टारूह्र दतिया डॉ.आर बी कुरेले,क्रूरूह्र भांडेर डॉ.आर एस परिहार,मेडिकल ऑफिसर डॉ.हेमा बघेल सोहन,डॉ. आर पी कनेरिया,डॉ.राजेन्द्र सोनी,राकेश गुप्ता,रविंद्र भदौरिया के साथ दतिया व भांडेर का भी स्टाफ मौजूद रहा।श्री अशोक कौरव जी के विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिये अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया और उस वृक्ष की जिम्मेदारी भी अस्पताल स्टाफ के द्वारा ली गई।इस विदाई समारोह के दौरान रेडियोग्राफर अशोक यादव की आंखे खुशी की वजह से नम हो गई।इस दौरान अशोक यादव ने कहा कि उनके इस लम्बे कार्यकाल में उन्होंने जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे जिनसे कुछ न कुछ सीखने को मिला है।इसी के साथ उन्होंने सोहन मेडिकल ऑफिसर डॉ.हेमा बघेल की भी जमकर तारीफ कर बताया कि आज सोहन का हॉस्पिटल पहले से बहुत कुछ बदल गया है क्यों कि अब डॉ.हेमा बघेल के आने से व्यवस्थाओ में बहुत कुछ सुधार हुआ है जिससे मरीजो को अब उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है।

# हर घर तिरंगा अभियान में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें- डीआईजी आईटीबीपी श्री निम्बाडिया

## हर-घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत करैरा में भव्य रैली निकाली गई

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रायोजित हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु आइटीबीपी करेरा एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से करैरा नगर में आज गुरुवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली नगर के प्रमुख मार्गो, शिवपुरी झांसी रोड, कच्ची गली, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, बीज भंडार रोड होते हुए तहसील कार्यालय पर पहुंची। इस रैली में आईटीबीपी के अधिकारी, जवान, स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं, गैर सरकारी संस्थानों से जुड़े अन्य लोग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पत्रकार बंधु,

व्यापारी एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अद्वितीय उल्लास के साथ इस तिरंगा रैली को सफल बनाने में अपना अद्भुत सहयोग एवं योगदान दिया। देशभक्ति के गीतों के साथ-साथ भारत माता की जय कारों के साथ गाते बजाते हुए जब तिरंगा रैली सड़कों पर से निकली तो राह चलते लोगों ने फूल, मालाओं से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान डीआईजी आइटीबीपी श्री ए.पी.एस.निम्बाडिया ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करें। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 13 से 15 अगस्त तक मनाए जाने वाले हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा राष्ट्रीय अभियान से भी सभी को अवगत कराए। एसडीएम करैरा ने दिनेश चंद्र शुक्ला ने नगरवासियों से अपील की है कि नगरवासी अपने-अपने घरों पर ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज लगाएं और अभियान को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। नगरवासी वृक्षारोपण, हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के बारे में लोगों को प्रेरित करें। रैली के समापन के दौरान डीआईजी श्री ए.पी.एस. निम्बाडिया एवं एसडीएम करैरा श्री दिनेश चंद्र शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मांग पर ईपीएफ कमिश्नर ने पुलिस अधीक्षक एवं सीएमओ को नोटिस भेजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि की मांग पर असिस्टेंट ईपीएफ आयुक्त अजय कुमार यादव ने पुलिस विभाग भिंड एवं नगर परिषद फूप, अकोड़ा,

दवोह सीएमओ को नोटिस जारी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि भिंड जिले में पुलिस विभाग के अन्तर्गत लगभग 50 अधिक अस्थाई सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा नगर परिषद फूप, अकोड़ा, दवोह में लगभग 50 से अधिक अस्थाई सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं लेकिन निकाय प्रशासन द्वारा ईपीएफ कटौत्रा का लाभ नहीं दिया जा रहा है जिससे कर्मचारियों का भविष्य अंधकार की ओर है तथा उनका आर्थिक शोषण है। गुडडू संजय वाल्मीकि कहां है इस सम्बन्ध में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी जिसपर कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक ने सम्बंधित कर्मचारियों को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए थे तथा नगर परिषद फूप अकोड़ा दवोह सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की गई थी लेकिन नगरीय निकायों के सीएमओ द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्मचारियों का शोषण किया गया जाता रहा है यदि समय सीमा में समस्या का निराकरण नहीं होता है तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी जबावदारी सम्बंधित निकाय प्रशासन की होगी।

## एक स्थाई वारंटी तथा दो फरार आरोपी गोहद चौराहा पुलिस की गिरफ्त में

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान जी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश खरपूसे जी तथा श्रीमान एसडीओपी गोहद श्री सौरभ कुमार जी के नेतृत्व में आज थाना गोहद चौराहा पुलिस द्वारा 25 ,27 आर्म्स एक्ट में फरार स्थाई वारण्टी अजीत पुत्र दोजी राठौर निवासी महावीरपुरा मुरैना को मुरैना स्थिति आरोपी के घर से तथा साथ ही दो फरार आरोपी

1- पिंकी उर्फ उपदेश पुत्र नरेश सिंह तोमर निवासी ग्राम हिम्मका

2- नारायण पुत्र छोटेलाल जाटव निवासी ग्राम किरतपुर को

बस स्टैंड गोहद चौराहा से गिरफ्तार किया गया आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा सहायक उप निरीक्षक अब्दुल समीम ,प्रधान आरक्षक रामनिवास दीक्षित, प्रधान आरक्षक शिवम सिंह, आरक्षक तिलक सिंह महिला आरक्षक राजविंदर कौर, आरक्षक अमरदीप सिंह पंकज जादौन , भीमसेन की मुख्य भूमिका रही

# हर नागरिक अपने घर पर शान से फहराए तिरंगा : संभागीय आयुक्त

## हर घर तिरंगा अभियान के लिए संभागीय आयुक्त एवं निगम आयुक्त ने क्रय किए राष्ट्रीय ध्वज

ग्वालियर। जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से 11 से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के लिये संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने गुरूवार को स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीयध्वज को केन्द्र पर जाकर खरीदा और नागरिकों से भी अपील की है कि वे राष्ट्रभक्ति के इस महाअभियान में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने नगर निगम के जोन क्रमांक-13 मोतीमहल स्थित कार्यालय पहुँचकर स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय ध्वज को क्रय किया। उन्होंने पाँच राष्ट्रीय ध्वज क्रय किए और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम केन्द्र से राष्ट्रीय ध्वज स्वयं के लिये भी खरीदें और सक्षम हों तो अतिरिक्त राष्ट्रीय ध्वज खरीदकर लोगों को प्रदान करें और उन्हें प्रेरित करें कि वे अभियान के दौरान अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएँ। उनके साथ ही नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल एवं सहायक संचालक जनसंपर्क श्री मधु सोलापुरकर ने भी राष्ट्रीय ध्वज क्रय किए और इस राष्ट्र भक्ति के महाअभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की बात भी कही।

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा अब राष्ट्रीय ध्वज को रात में भी फहराने की अनुमति प्रदान की गई है। अब प्रतिदिन शाम को राष्ट्रीयध्वज उतारने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को भी कहा है कि वे शहरी क्षेत्र में इस अभियान के लिये जन जागृति के विशेष प्रयास करें।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी जोन कार्यालयों के अतिरिक्त कई खरीदी केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं, जिन पर राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही जन जागृति के लिये भी निगम विशेष प्रयास कर रहा है।

# अमूल दुग्ध द्वारा नगर निगम सीमांतर्गत दीवारों पर वॉल पेंटिग के माध्यम से किये जा रहे प्रचार प्रसार को हटाये जाने के लिये दिया नोटिस

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा संस्था प्रतिनिधि एवं मुख्य वितरक संचालक अमूल दुग्ध मोतीझील पुरानी छावनी ग्वालियर को नोटिस जारी कर आदेशित किया है, कि बिना अनुमति के अवैध रूप से नगर निगम ग्वालियर सीमा के अंतर्गत दीवार पर वॉल पेंटिंग एवं स्टैऊकर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उसको तुरंत हटाने की कार्यवाही करें अन्यथा आपके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन शाखा श्री संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री सुनील चैहान एवं नोडल अधिकारी श्री केशव चैहान निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत संस्था प्रतिनिधि एवं मुख्य वितरक संचालक अमूल दुग्ध मोतीझील पुरानी छावनी ग्वालियर द्वारा अवैध रूप से नगर निगम सीमांतर्गत दीवारों पर बॉल पेंटिंग एवं स्टैऊकर के माध्यम से विज्ञापन किया जा रहा है। आपका कृत्य केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान की योजना के तहत, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम में विर्णत प्रावधान एवं अनाधिकृत, अवैध संस्थापित मीडिया की श्रेणी में आकर मध्य प्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22 के अंतर्गत अपराध कारित करने की श्रेणी में आता है।

संस्था प्रतिनिधि एवं मुख्य वितरक संचालक अमूल दुग्ध मोतीझील पुरानी छावनी ग्वालियर को जारी नोटिस जारी कर ग्वालियर नगर निगम सीमांतर्गत शासकीय, अशासकीय दीवारों पर आपके द्वारा कराई गई वॉल पेंटिंग को तत्काल हटाकर इस कार्यालय को 3 दिवस में सूचित करें। अन्यथा आपके विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा।

# नगर पालिका निगम परिषद कार्यालय के अध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का होगा निर्वाचन

## महापौर एवं पार्षदों का प्रथम सम्मेलन आज

ग्वालियर। मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा-18 के अंतर्गत नगर पालिका निगम परिषद ग्वालियर के अध्यक्ष (स्पीकर) एवं धारा-403 की उपधारा-4 के अंतर्गत अपील समिति के चार सदस्यों के निर्वाचन हेतु नवनिर्वाचित महापौर तथा पार्षदों का प्रथम सम्मेलन 5 अगस्त 2022 को प्रातः 10 बजे से नगर निगम परिषद कार्यालय जलविहार फूलबाग में नियत किया गया है।

कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी जिला ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जारी सूचना पत्र में स्पष्ट किया है कि अध्यक्ष (स्पीकर) का निर्वाचन मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अध्यक्ष (स्पीकर) का निर्वाचन नियम 1998 के अनुसार होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जाने का समय निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा प्रातः 11 बजे से 11.15 बजे तक की जायेगी। प्रातः 11.15 बजे से 11.30 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। निर्वाचन की स्थिति में मतदान 11.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक होगा। मतगणना दोपहर 12.30 बजे से की जायेगी। मतगणना के पश्चात परिणाम की उद्घोषणा होगी।

कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि नियम 4(1) के अनुसार अध्यक्ष (स्पीकर) के निर्वाचन के लिये अभ्यर्थी को प्रारूप-क में नाम निर्देशन पत्र द्वारा निर्दिष्ट किया जायेगा। जिसे अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिगत रूप से या उसके प्रस्तावक या समर्थक द्वारा 5 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र नगर निगम परिषद कार्यालय जलविहार में निगम आयुक्त को प्रस्तुत करना होगा। नियम 4(2) के अनुसार कोई भी पार्षद एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन का प्रस्ताव या समर्थन नहीं करेगा।

**अपील समिति का निर्वाचन**

अपील समिति के चार सदस्यों का निर्वाचन मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा-403 की उपधारा-4 के अंतर्गत अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जायेगा। इसके लिये नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जाने का समय दोपहर 1.30 बजे से 2.30 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा दोपहर 2.30 बजे से अपरान्ह 2.45 बजे तक, अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी का समय अपरान्ह 2.45 बजे से 3 बजे तक, निर्वाचन की स्थिति में मतदान का समय अपरान्ह 3 बजे से 3.45 बजे तक, मतगणना का समय अपरान्ह 3.45 बजे से प्रारंभ होगा और मतगणना के पश्चात परिणाम की उदघोषणा की जायेगी।

# सब्जीवाले एवं फलवालों व दुकानदारों से पॉलीथिन जप्त कर वसूला जुर्माना

ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा प्रतिदिन साफ सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के साथ-साथ प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पॉलीथिन जप्त करने के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है। अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, वर्कशॉप प्रभारी श्री शैलेंद्र सक्सेना, स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव के संयुक्त दल ने इंदरगंज चैराहा, सनातन धर्म मंदिर, अचलेश्वर मंदिर क्षेत्र में अभियान चलाकर सब्जी वालो, ठेलेवालों एवं दुकानदारो से पॉलीथिन जप्त की, साथ ही पॉलीथिन में सामान ले जा रहे लोगो को रोककर पॉलीथिन इस्तेमाल न करने की सलाह दी गयी। इस दौरान बाजार में गंदगी करने वाले फलवालों पर 5 हजार का जुर्माना भी किया गया।

# ग्वालियर शहर की पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से होती रहेगी - श्री सिलावट

## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने की शहर की पेयजल आपूर्ति की समीक्षा

ग्वालियर। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि ग्वालियर शहर के लिये निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति की जायेगी। जल संसाधन विभाग के ककैटो एवं पहसारी जलाशयों से तिघरा डैम को भरा जा रहा है, जिससे शहर की पेयजल आपूर्ति में बाधा न आए। उन्होंने गुरूवार को ग्वालियर में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर ग्वालियर शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए जलाशयों में उपलब्ध पानी के बारे में जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

यहाँ वीआईपी सर्किट हाउस मुरार में आयोजित हुई बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि जल संसाधन, नगर निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आपस में समन्वय बनाकर काम करें, जिससे शहर की पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से होती रहे। उन्होंने बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर जल संसाधन विभाग के हर जलाशय व बांध पर विशेष निगरानी रखें। किसी भी हालत में बाँधों व जलाशयों पर अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। जलाशयों में पानी का स्तर बढ़ने पर समय से समीपवर्ती गाँवों को सचेत करें, जिससे गाँववासी सुरक्षित स्थान पर पहुँच सकें। मुख्य अभियंता जल संसाधन श्री आर पी झा ने बैठक में जानकारी दी कि वर्तमान में जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी से ग्वालियर शहर की एक वर्ष तक पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में तिघरा में लगभग 47 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। साथ ही पहसारी से तिघरा को भरने के लिये लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। ककैटो जलाशय में वर्तमान में 67 प्रतिशत और पहसारी में 46 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। ग्वालियर शहर की पेयजल आपूर्ति के लिये तिघरा से वर्तमान में नगर निगम को प्रतिदिन 330 एमएलडी पानी दिया जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

### मूंग उपार्जन एवं भंडारण में पारदर्शिता के लिये मापदण्ड निर्धारित

## वेयर-हाउस चयन के लिये प्रमुख सचिव खाद्य श्री किदवई ने लिखा कलेक्टर्स को पत्र

ग्वालियर। राज्य शासन द्वारा मूंग उपार्जन एवं भण्डारण के लिये गोदाम का चयन पूरी पारदर्शिता से करने के लिये मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं। मूंग भण्डारण के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप वेयर-हाउस के चयन के संबंध में प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज अहमद किदवई ने सभी कलेक्टर को पत्र लिखा है। प्राथमिकता के क्रम में सर्वप्रथम मूंग का उपार्जन और भण्डारण शासकीय गोदाम में किया जाएगा। शासकीय गोदामों में उपलब्ध भण्डारण क्षमता की जानकारी आपूर्ति अधिकारी कलेक्टर को उपलब्ध करायेंगे एवं जानकारी की सत्यता का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेंगे। शासकीय गोदामों में अनुमानित उपार्जन के लिये पर्याप्त भण्डारण क्षमता न होने की स्थिति में शेष भण्डारण एवं उपार्जन नागरिक आपूर्ति निगम के ऐसे अनुबंधित निजी गोदामों में किया जा सकेगा, जिनके परिसर में वे-ब्रिज की सुविधा उपलब्ध हो। ऐसे गोदाम, जिनके 4 किलोमीटर की परिधि के भीतर वे-ब्रिज की सुविधा उपलब्ध हो और इसके बाद ऐसे निजी गोदाम, जो मुख्य राष्ट्रीय/राज्य/जिला मार्ग पर स्थित हों, को भण्डारण के लिए उपयोग में लिया जा सकेगा। पर्याप्त भण्डारण क्षमता उपलब्ध न होने की स्थिति में अन्य निजी गोदाम भण्डारण के लिये उपयोग मंर लिये जा सकेंगे। भण्डारण के लिये 2 या अधिक निजी अनुबंधित गोदाम प्राथमिकता क्रम में एक समान स्थिति में हों, तो उस गोदाम को वरीयता दी जायेगी, जो पीएमएस (Preservation, Maintenance & Security) का कार्य नागरिक आपूर्ति निगम से अनुबंधित एजेंसी को सौंपने के लिये लिखित रूप से सहमति देगा। गोदाम समान स्थिति में होने की दशा में पहले लायसेंस प्राप्त गोदाम को प्राथमिकता दी जायेगी। भण्डारण के लिये निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कलेक्टर चयनित गोदामों की प्राथमिकता क्रम में सूची तैयार कर उल्लेख करेंगे कि चयन किस प्राथमिकता क्रम के आधार पर किया गया है। उक्त सूची वेबसाइट एवं संबंधित कार्यालय के नोटिस-बोर्ड पर प्रदर्शित की जायेगी। कोई व्यक्ति इस संबंध में जानकारी माँगता है अथवा कोई आपत्ति दर्ज कराता है, तो उसे एक सप्ताह के भीतर निराकरण किया जायेगा।

## ईट राइट मेले का आयोजन 7 अगस्त को बाल भवन में

**सही भोजन व बेहतर जीवन के उद्देश्य को लेकर लगाया जा रहा है मेला**

ग्वालियर। सही भोजन, बेहतर जीवन एवं लोगों में नई खाद्य संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से रविवार 7 अगस्त को ÷वॉकथॉन एवं ईट राइट मेला÷ का आयोजन होगा। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से इस दिन प्रातः 11 बजे से यहाँ बाल भवन में ÷ईट राइट मेला÷ लगाया जायेगा। इससे पहले ÷वॉकथॉन÷ अर्थात ÷सही खान-पान÷ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रातः 7 बजे से रैली निकलेगी। जो बाल भवन से शुरू होकर होटल तानसेन रेसीडेंसी, केन्द्रीय विद्यालय नं.-1, बस स्टेण्ड, स्टेशन बजरिया होते हुए वापस बाल भवन पहुँचेगी। वॉकथॉन में विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं स्वयंसेवी संस्थायें सहभागिता करेंगीं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नईदिल्ली द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान नागरिकों में स्वच्छ खान-पान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर में ईट राइट मेले लगवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्वालियर में ईट राइट मेले का आयोजन हो रहा है।

**जुम्बा डांस, चेयररेस व अन्य प्रतियोगिताएँ होंगीं**

सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य पदार्थों के सेवन, पौष्टिक व संतुलित आहार, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के उपाय एवं उचित खान-पान को बढ़ावा देने के लिये ईट राइट मेला में निबंध, भाषण, चित्रकला, मलखंब, जुम्बा डांस, चेयररेस व स्पून रेस जैसी प्रतियोगितायें भी होंगीं, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

**पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी भी लगेंगीं**

बाल भवन में रविवार को आयोजित होने जा रहे ईट राइट मेले में इंडियन होटल मैनेजमेंट, महिला बाल विकास, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्मार्ट सिटी, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा खाद्य पदार्थों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जायेंगीं। साथ ही अमूल पार्लर एवं साँची पार्लर द्वारा पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए फूड फोर्टिफिकेशन विषय पर केन्द्रित प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र होगी। मेले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की चलित लैब द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर ही जाँच भी की जायेगी।

**कोरोना वैक्सीनेशन भी किया जायेगा**

ईट राइट मेले में आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर कोरोना वैक्सीनेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा व्यवस्थायें की जा रही हैं।

## डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा 7 सितम्बर से

ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। ये परीक्षाएँ 7 सितम्बर से शुरू होकर 28 सितम्बर तक आयोजित होंगीं। परीक्षा का समय प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक रखा गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में लगभग 61 हजार 27 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिये प्रदेश भर में 174 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर देखा जा सकता है।

## शेजवलकर ने लोकसभा में ग्वालियर रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण में तेज गति लाने की मांग की

ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से ग्वालियर रेलवे स्टेशन के विकास और विस्तार को तेज गति देने की मांग की। रेल मंत्रालय ने उपरोक्त आग्रह पर सांसद शेजवलकर को आश्वस्त किया है कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन का विकास और विस्तार की कार्ययोजना तेज गति से गतिशील है और कार्य भी शीघ्रातिशीघ्र शुरू हो जाएगा। सांसद ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से रेल मंत्री से ग्वालियर के रेलवे स्टेशन के विस्तार व आधुनिकीकरण के कार्य में तेजी लाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगते हुए अपने प्रश्न में उल्लेख किया है ग्वालियर रेलवे स्टेशन का विकास और विस्तार कर इसे हवाई अड्डों जैसी सुविधाओं से युक्त करने की योजना का कार्यान्वयन आईआरएसडीसी-भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम द्वारा यह कार्य पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) आधार पर किया जाना है। यह 240 करोड़ रुपए की योजना गत तीन वर्षों से अधिक समय से आकार ले रही है। इस योजना के कार्यान्वयन में गति लाने की आवश्यकता है।

## मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न वार्डों में किया कीटनाशक दवाओं का छिडकाव

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज गुरूवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर के विभिन्न वार्डों की गलियों एवं मोहल्लों में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव का कार्य कराया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478